NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

लखनऊ से प्रकाशित

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com



## महाकुंभ–2025 चयनित ढाबों, रेस्टोरेंट और होटल्स को योगी सरकार देगी सब्सिडी

संवाददाता।

प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह ने बताया कि प्रयागराज आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं का अनुभव हो, इसके लिए योगी सरकार प्रमुख मार्गों में पड़ने वाले प्रमुख ढाबों, रेस्टोरेंट और होटल्स को स्मार्ट बनाने जा रही है। इसके लिए इनके 75 प्रतिनिधियों का चयन किया गया है, जिन्हे शुक्रवार से ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जा रहा है।प्रयागराज। योगी सरकार महाकुंभ को भव्य, दिव्य और नव्य स्वरूप देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी के तहत अब योगी सरकार महाकुंभ पहुंचने वाले पर्यटकों




और श्रद्धालुओं को मुख्य मार्गों पर बेहतर सुविधाएं देने के लिए ढ़ाबों, रेस्टोरेंट और होटल्स को नया स्वरूप दे रही है। इसके लिए योगी सरकार उन्हे सब्सिडी दे रही है। मुख्य मार्गों में पड़ने वाले ढाबे, रेस्टोरेंट और होटल्स होंगे स्मार्टप्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह ने बताया कि प्रयागराज आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं का अनुभव हो, इसके लिए योगी सरकार प्रमुख मार्गों में पड़ने वाले प्रमुख ढाबों, रेस्टोरेंट और होटल्स को स्मार्ट बनाने जा रही है। इसके लिए इनके 75 प्रतिनिधियों का चयन किया गया है, जिन्हे शुक्रवार से ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इनमें लखनऊ प्रयागराज, कानपुर प्रयागराज, रीवा प्रयागराज, चित्रकूट प्रयागराज , मिर्जापुर प्रयागराज और वाराणसी प्रयागराज मार्ग में पड़ने वाले ढाबे, रेस्टोरेंट और होटल्स शामिल हैं। प्रशिक्षण में खानपान, बैठने की व्यवस्था और स्वच्छता के बिंदुओं पर फोकस बता दें कि महाकुंभ के प्रमुख मार्गों पर आने वाले इन चयनित ढाबों, रेस्टोरेंट और होटल्स में बुनियादी सुविधाओं की कमी थी। ऐसे में इनमें किचन, सिटिंग एरिया और पार्किंग स्थल को नया स्वरूप देने की योजना तैयार की गयी है। इसी के साथ चयनित प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## योग मानवता के लिए भारत का अनूठा उपहार है– राष्ट्रपति

एजेंसी।

नई दिल्ली राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पूरे विश्व समुदाय, खासकर भारत के नागरिकों, को बधाई। योग मानवता के लिए भारत का अनूठा उपहार है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि योग मानवता के लिए भारत का अनूठा उपहार है और जीवनशैली से जुड़ी बढ़ती समस्याओं के कारण यह और भी महत्वपूर्ण हो गया है।

मुर्मू ने राष्ट्रपति सचिवालय के अधिकारियों के साथ यहां राष्ट्रपति भवन में योग भी किया। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पूरे विश्व समुदाय, खासकर भारत के नागरिकों, को बधाई। योग मानवता के लिए भारत का अनूठा उपहार है। जीवनशैली से जुड़ी बढ़ती समस्याओं के मद्देनजर योग आज और भी महत्वपूर्ण हो गया है।''उन्होंने



योग करते हुए अपनी तस्वीरें भी 'एक्स' पर साझा कीं। उन्होंने कहा, ''योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण का एक तरीका है। आइए हम योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लें।'' अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हर साल 21 जून को मनाया जाता है।

## अभी जेल में ही रहेंगे अरविंद केजरीवाल, दिल्ली भ्ब ने सुरक्षित रखा फैसला,

एजेंसी। नई दिल्ली जस्टिस सुधीर कुमार जैन की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि ईडी की स्थगन अर्जी पर आदेश सुनाने में दो–तीन दिन लगेंगे। अदालत ने आदेश में कहा, ष्इस बीच याचिकाकर्ता और प्रतिवादी सोमवार तक लिखित दलीलें दाखिल करने के लिए स्वतंत्र होंगे। अरविंद केजरीवाल के लिए एक बड़ा झटका, दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री की जमानत याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया।



## विधानसभा चुनाव हारने के बावजूद भी एनडीए सरकार में मंत्री बने भागीरथ चौधरी,

एजेंसी।

नई दिल्ली नए मंत्रिमंडल में नए चेहरे के तौर पर अजमेर के सांसद भागीरथ चौधरी ने मंत्री पद की शपथ ली। भागीरथ चौधरी दूसरी बार लगातार सांसद बने हैं। इससे पहले बीजेपी ने उन्हें हाल ही में विधानसभा चुनाव लड़ाकर बड़ा दांव खेला, लेकिन इस विधानसभा चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा हैं। मोदी 3.0 के नए मंत्रिमंडल में नए चेहरे के तौर पर अजमेर के सांसद भागीरथ चौधरी ने मंत्री पद की शपथ ली। भागीरथ चौधरी दूसरी बार लगातार सांसद बने हैं, लेकिन मंत्री पद के लिए उनकी लॉटरी इस बार खुली है। इससे पहले बीजेपी ने उन्हें हाल ही में विधानसभा चुनाव लड़ाकर बड़ा दांव खेला, लेकिन इस विधानसभा चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा हैं। इसके बाद बीजेपी ने फिर से उन्हें अजमेर लोकसभा सीट पर चुनाव मैदान में उतारा जहां उन्होंने जीत हासिल की। भागीरथ चौधरी ने कांग्रेस के रामचंद्र चौधरी को सवा 3 लाख से अधिक मतों से हराकर बड़ी जीत दर्ज की है।भागीरथ चौधरी का जन्म एक जनवरी 1954 को हुआ था। वे 69 वर्ष के है। वे 2003 से 2008 और 2013 से 2018 में विधायक रहे। 2019 में लोकसभा चुनाव जीते और 2024 में भी जीत गए। 2008 और 2023 में विधानसभा का चुनाव हार गए। उन्होंने राजस्थान विश्वविद्यालय से बीए पार्ट द्वितीय तक पढ़ाई कर रखी है। वे खेती और मार्बल के कारोबार से जुड़े हैं। नागौर के पीह में उनका चोयल फार्म है, जबकि किशनगढ़ में अनुकंपा मार्बल, चोयल मार्बल एंड हैंडीक्राफ्ट और विकास मार्बल एवं माइंस है। जनसंघ के समय से ही चौधरी पार्टी से जुड़े हैं। वे कार्यकर्ता, संगठन पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि के तौर पर काम करते हुए 2019 में सांसद बने और 2 बार विधायक रह चुके हैं। वर्तमान में वे सांसद के साथ भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष भी है। वे 2003 से 2008 तक भाजपा उद्योग प्रकोष्ठ में प्रदेश उपाध्यक्ष और 2003 से 2019 तक प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रहे हैं।चौधरी 1997 से 2007 तक अखिल भारतीय जाट महासभा जिला अजमेर में जिलाध्यक्ष और 2001 से 2006 तक पुष्कर स्थित जाट विश्राम स्थली के उपाध्यक्ष रहे हैं। 2003 से 2018 तक राजस्थान विधानसभा में पर्यावरण समिति के अध्यक्ष, लोकसभा में जल संसाधन समिति के सदस्य, लोकसभा में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय परामर्शदात्री समिति के सदस्य और सहकारिता मंत्रालय परामर्शदात्री समिति के सदस्य रहे हैं। भागीरथ चौधरी 2019 में भी अजमेर के सांसद चुने गए थे। इस बार विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने उन्हें किशनगढ़ विधानसभा से चुनाव लड़ाकर बड़ा दांव खेला। पिछले विधानसभा चुनाव में भागीरथ चौधरी चुनाव हार गए और तीसरे नंबर पर रहे थे। किशनगढ़ विधानसभा चुनाव में भाजपा से बागी हुए विकास चौधरी कांग्रेस में शामिल हुए और उन्होंने भागीरथ चौधरी का हरा दिया, जबकि लोकसभा चुनाव में भागीरथ चौधरी ने किशनगढ़ विधानसभा सीट से इस बार करीब 1 लाख मतों से बढ़त बनाई।



## तीरथ डेवलपर्स ने लखनऊ के सेलिब्रिटी मीडोज में बड़े उत्साह के साथ योग दिवस मनाया

लखनऊं। तीरथ डेवलपर्स ने लखनऊ के सेलिब्रिटी मीडोज में बड़े उत्साह के साथ योग दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत सभी प्रतिभागियों को योग मैट वितरित करने के साथ हुई, जिससे दिन की सकारात्मक शुरुआत हुई। प्रतिष्ठित योग प्रशिक्षक नरेश ने एक उत्साहवर्धक सत्र का संचालन किया। इस सत्र में सभी आयु वर्गों के लोगों की उल्लेखनीय भागीदारी देखी गई, जो योग के लाभों का अनुभव करने के लिए आगे आए। कार्यक्रम की सफलता पर प्रतिक्रिया देते हुए, तीरथ डेवलपर्स के निदेशक राहुल अग्रवाल ने कहा, यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि हमारा समुदाय एकजुट होकर योग के अभ्यास को अपना रहा है, जो एक स्वस्थ और सामंजस्यपूर्ण जीवनशैली को बढ़ावा दे रहा है।ष कार्यक्रम में उत्साहजनक उपस्थिति और सकारात्मक प्रतिक्रिया ने इस आयोजन की सफलता को प्रदर्शित किया। तीरथ डेवलपर्स ने अपने निवासियों और समुदाय के स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। यह आयोजन स्वस्थ जीवन शैली के महत्व को रेखांकित करता है और भविष्य में इस तरह के और कार्यक्रमों के आयोजन की संभावना को दर्शाता है।

## तीन नए आपराधिक कानूनों का ममता बनर्जी ने किया विरोध, प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर की रोकने की मांग की

एजेंसी।

नई दिल्ली ममता बनर्जी ने लिखा कि हमारा मानना है कि यह स्थगन नए सिरे से संसदीय समीक्षाध्जनादेश को सक्षम करेगा, कानूनी प्रणाली में जनता के विश्वास को मजबूत करेगा और हमारे प्यारे देश में कानून के शासन को कायम रखेगा। 25 दिसंबर, 2023 को भारत के राष्ट्रपति ने बीएनएस, बीएसए और बीएनएसएस को सहमति दी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर तीन आपराधिक कानूनों– भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता – के कार्यान्वयन को स्थगित करने का अनुरोध किया है। बनर्जी ने इन पर संसद में आगे चर्चा की मांग की है। इसके साथ ही ममता ने आपराधिक कानूनों की नये सिरे से संसदीय समीक्षा पर जोर दिया। इन कानूनों के आसन्न कार्यान्वयन पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो ने कहा कि मैं आपसे विनम्रतापूर्वक अनुरोधा करता हूं कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023,




भारतीय सुरक्षा अधिनियम (बीएसए) 2023 और भारतीय नागरिक सुरक्षा स्वच्छता (बीएनएसएस) 2023 के कार्यान्वयन को स्थगित करने की हमारी अपील पर विचार करें।ममता बनर्जी ने लिखा कि हमारा मानना घ्है कि यह स्थगन नए सिरे से संसदीय समीक्षाध जनादेश को सक्षम करेगा, कानूनी प्रणाली में जनता के विश्वास को मजबूत करेगा और हमारे प्यारे देश में कानून के शासन को कायम रखेगा। 25 दिसंबर, 2023 को भारत के राष्ट्रपति ने बीएनएस, बीएसए और बीएनएसएस को सहमति दी। जैसा कि अधिसूचित किया गया है, ये नए आपराधिक कानून इस साल 1 जुलाई से प्रभावी होने हैं। नए कानून क्रमशः औपनिवेशिक युग के भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे।

सूत्रों के मुताबिक, टीएमसी प्रमुख ने बृहस्पतिवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी चिदंबरम से भी मुलाकात की, जो विधेयकों की जांच करने वाली संसद की स्थायी समिति का हिस्सा थे, और उनसे इस मुद्दे पर चर्चा की। टीएमसी नेता डेरेक ओ ब्रायन, द्रमुक नेता एनआर एलंगो और चिदंबरम ने तीनों विधेयकों पर अपनी रिपोर्ट में असहमति जताई थी। ममता ने कहा कि ये तीनों विधेयक लोकसभा में ऐसे समय में पारित हुए, जब 146 सांसद सदन से निलंबित थे। ममता ने कहा, आपकी पिछली सरकार ने इन तीन महत्वपूर्ण विधेयकों को एकतरफा और बिना किसी बहस के पारित कर दिया था। उस दिन, लोकसभा के लगभग 100 सदस्यों को निलंबित कर दिया गया था और दोनों सदनों के कुल 146 सांसदों को संसद से बाहर निकाल दिया गया था। उन्होंने कहा, लोकतंत्र के उस काले दौर में विधेयकों को तानाशाहीपूर्ण तरीके से पारित किया गया। मामले की अब समीक्षा होनी चाहिए। ममता ने कहा, मैं अब आपके कार्यालय से आग्रह करती हूं कि कम से कम कार्यान्वयन की तारीख को आगे बढ़ाने पर विचार करें। इसके दो कारण हैंरू नैतिक और व्यावहारिक। उन्होंने कहा कि इन महत्वपूर्ण विधायी बदलावों पर नये सिरे से विचार–विमर्श होना चाहिए और जांच के लिए नव निर्वाचित संसद के समक्ष रखा जाना चाहिए। टीएमसी प्रमुख ने कहा, जल्दबाजी में पारित किए गए नये कानूनों को लेकर सार्वजनिक रूप से व्यक्त की गई व्यापक आपत्तियों के मद्देनजर नये सिरे से संसदीय समीक्षा लोकतांत्रिक सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करेगी।

## अटल सेतु में आई दरार? कांग्रेस ने लगाया भ्रष्टाचार का आरोप, प्रोजेक्ट हेड बोले- ऐसा कुछ नहीं है

पटोले ने दावा किया कि मैं यहां आपको ये दिखाने आया हूं कि हम जो कह रहे हैं वो सिर्फ आरोप नहीं है। सरकार दिखा रही है कि वह लोगों के लिए काम कर रही है, लेकिन आप यहां भ्रष्टाचार देख सकते हैं। वे अपनी जेबें भर रहे हैं, लेकिन लोगों की जान खतरे में डालने का अधिकार उन्हें किसने दिया? अटल बिहारी वाजपेयी सेवरी–न्हावा शेवा अटल सेतु, जिसे मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक (एमटीएचएल) के नाम से जाना जाता है, नवी मुंबई में उल्वे की ओर इसके टार रोड निकास पर दरारें दिखाई देने के बाद जांच के दायरे में आ गया है। अटल सेतु, जो देश का सबसे लंबा समुद्री पुल है, का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पांच महीने पहले ही किया था। नव–उद्घाटन पुल पर दरारें विवाद और भ्रष्टाचार के आरोपों को जन्म दे रही हैं। महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने घटनास्थल का दौरा कर दरारों का निरीक्षण किया और यात्रियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई।पटोले ने दावा किया कि मैं यहां आपको ये दिखाने आया हूं कि हम जो कह रहे हैं वो सिर्फ आरोप नहीं है। सरकार दिखा रही है

## नीट परीक्षा पुन: कराने की चाह, कांग्रेस ने चुनी संघर्ष की राह

लखनऊ(आरएनएस)। NEETUG 2024 के परिणामों में अनियमितताओं के चलते पूरे देश के युवाओं में असंतोष फैल गया है। भाजपा शासित राज्यों में पेपर लीक की बीमारी अब केन्द्र तक जा पहुंची है। भाजपा सरकारों की युवाओं के प्रति बढ़ती संवेदनहीनता से युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो गया है। NEET 2024 के परिणाम आने के बाद कांग्रेस पार्टी लगातार इस मुद्दे को उठाती रही है। कल दिनांक 20 जून को जननायक श्री राहुल गांधी ने प्रेसवार्ता कर इस पूरी व्यवस्था को कटघरे में खड़ा कर दिया था। आज पूरे देश में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर विरोध प्रदर्शन किया गया। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश के सभी जनपद मुख्यालयों पर तथा राजधानी लखनऊ में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय जी के नेतृत्व में हजारों की संख्या में कांग्रेसजनों ने नीट परीक्षा में हुई धांधली के विरोधा में विधानसभा घेराव के लिए कूच किया। इस दौरान मौके पर तैनात पुलिस बल द्वारा कांग्रेसजनों को बैरिकेड लगाकर बलपूर्वक रोकने का प्रयास किया गया। जिसमें पुलिस प्रशासन एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच धक्का मुक्की हुई जिसमें कई कांग्रेसजनों को हल्की चोटें भी आई। आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपने प्रदेश अधयक्ष श्री अजय राय के साथ ''मोदी सरकार मुर्दाबाद'', ''भाजपा सरकार मुर्दाबाद'', ''नीट परीक्षा रद्द करो'', ''धर्मेन्द्र प्रधान इस्तीफा दो'' नारा लगाकर बैरीकेड तोड़ कर आगे बढ़े। जिस दौरान पुलिस प्रशासन से काफी जद्दोजहद के पश्चात प्रदेश अध्यक्ष श्री अजय राय एवं सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसजनों को गिरफ्तार कर प्रशासन की बसों के माध्यम से अस्थाई जेल ईको गार्डेन ले जाया गया। गिरफ्तारी के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री अजय राय ने कहा कि आजाद भारत के इतिहास में युवाओं के प्रति इतनी संवेदनहीन सरकार कभी नहीं देखी गई। इस सरकार में चाहे प्रतियोगी परीक्षा हो, रोजगार की परीक्षा हो, सभी परीक्षाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती चली गई। एक भी परीक्षा नहीं हुई जिसमें पेपर लीक ना हुआ हो। सरकार लगातार नकल माफियाओं पर नकेल कसने में नाकामयाब रही है। ऐसा प्रतीत होता है की इन अपराधियों को सत्ता संरक्षण प्राप्त है। कांग्रेस पार्टी युवाओं के हितों के साथ अन्याय नहीं होने देगी और सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। प्रदर्शन में नवनिर्वाचित सांसद राकेश राठौर, पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, मुईद अहमद, पूर्व विधायक इन्दल रावत, प्रदेश कांग्रेस कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश सिंह, संगठन महासचिव अनिल यादव, प्रदेश महासचिव मुकेश सिंह चौहान, जिला कांग्रेस कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी, डॉ0 शहजाद आलम, कमलेश भारती, मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, प्रदेश प्रवक्ता पुनीत पाठक, प्रियंका गुप्ता, एड0 प्रदीप सिंह, सचिन रावत, वरिष्ठ कांग्रेस नेता द्विजेन्द्र त्रिपाठी, रमेश मिश्रा, संजय सिंह, विषम सिंह, आलोक सिंह रैकवार, जिलाध्यक्ष आरती बाजपेई, उत्कर्ष अवस्थी, डॉ0 आशीष दीक्षित, डॉ0 अजय शुक्ला, स्वतंत्र शुक्ला, मीना रावत, धीरेन्द्र सिंह धीरू, डॉ0 एस0 एन0 मिश्रा, विभा त्रिपाठी, भारी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे। (शेष पेज 03 पर भी )

## सपा ने नीट परीक्षा में हुई धांधली और पेपर लीक के विरोध में पूरे प्रदेश में धरना-प्रदर्शन किया

लखनऊ(आरएनएस) ।समाजवादी छात्र सभा ने नीट परीक्षा में हुई धांधली और पेपर लीक के विरोध में राजधानी हजरतगंज लखनऊ समेत पूरे प्रदेश में धरना–प्रदर्शन किया। लखनऊ में बापू भवन चौराहे पर समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा के नेतृत्व में छात्रों ने नीट परीक्षा रद्द कर दोबारा परीक्षा कराने की मांग करते हुए राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। धरना प्रदर्शन के दौरान पुलिस प्रशासन ने छात्रों के साथ जोर जबरदस्ती की। उन्हें प्रदर्शन से रोकने का प्रयास किया। पुलिस छात्रों को गिरफ्तार कर लखनऊ के इको गार्डेन ले गयी ।समाजवादी छात्र सभा ने राष्ट्रपति को भेजे ज्ञापन में बताया है कि पूरे देश में एनटीए द्वारा नीट का एग्जाम 05 मई को कराया गया था जिसमें सरकार द्वारा पोषित माफियाओं ने परीक्षा के दौरान ही नीट का पेपर लीक कर दिया ।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जी ने तब भी नीट की परीक्षा कराने वाली एजेंसी एनटीए पर सवालिया निशान खड़ा किया था। परन्तु उस दौरान भी सरकार द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई थी। एनटीए द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित तिथि 14 जून 2024 थी परन्तु जिस दिन लोकसभा चुनाव का परिणाम घोषित हो रहा था, उसी दिन 04 जून 2024 को साजिशन तरीके से एनटीए ने नीट का परिणाम घोषित कर दिया। छात्रों ने तभी यह मांग उठाई थी कि एनटीए द्वारा नीट परीक्षा में बहुत बड़ी धांधली की गयी है। परीक्षा में बैठे लगभग 24 लाख से अधिक छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ। समाजवादी छात्र सभा मांग करती है कि सबसे पहले एनटीए एजेंसी को बर्खास्त कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कठोर से कठोर कार्यवाही की जाए तथा नीट परीक्षा पुनः करायी जाए ।समाजवादी छात्र सभा के धरना प्रदर्शन में प्रदेश अधयक्ष श्री विनीत कुशवाहा, प्रदेश उपाध्यक्ष सर्वश्री हिमांशु यादव पुरैनी, वैभव सैनी, कांची सिंह यादव, ममता शर्मा, अमर यादव, अवनीश यादव विक्रम यादव, रविन्द्र कुमार रूद्र, प्रदेश सचिव सर्वश्री जीतू कश्यप, सौगेन्द्र यादव, जावेद अली, अरविन्द यादव, प्रमोद साहिल, प्रियांशु यादव, मुलायम कुमार, सुधीर, जय सिंह, तथा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अमर सिंह, मोहित कुमार अंकुर यादव सतीश डिगडिगा, तौकिल खां, इं0 मनोज कुमार आदि शामिल रहे। धरना प्रदर्शन के क्रम में समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 इमरान ने बताया कि प्रयागराज में समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजय सम्राट,

## योग को पूरी दुनिया आत्मसात कर रही –धर्मपाल सिंह

लखनऊ रूउत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज 'दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस–2024' के अवसर पर मेरठ के कैलाश प्रकाश स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को योग करने की प्रेरणा दी। श्री सिंह ने इस अवसर पर योग को ऊर्जा से परिपूर्ण और स्फूर्तिदायक बताते हुए कहा कि स्वस्थ और निरोगी काया के लिए योग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व व प्रेरणा से आज न केवल योग जन जन के बीच पहुंच रहा है बल्कि वृहद स्तर पर लोग एक साथ एकत्र हो कर योग कर रहे, जिससे एकता की भावना को भी बल मिल रहा। धर्मपाल सिंह ने कहा कि योग जैसी गौरवशाली संस्कृति और अनुकरणीय विरासत को पूरी दुनिया आज आत्मसात कर रही है। 10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को विश्वभर में 21 जून को 'स्वयं और समाज के लिए योग' थीम पर आयोजित किया जा रहा है। आज तेजी से बदलती जीवन शैली और खान–पान की आदतों से लोग रोग ग्रसित हो जाते हैं,।

## पर्यटन मंत्री अयोध्या में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए

लखनऊ (आरएनएस)रू उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह आज अयोध्या के राम की पैड़ी पर आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने योगाभ्यास में उपस्थित गणमान्य लोगों का स्वागत एवं अभिनन्दन करते हुए कहा कि योग हमारे ऋषि मुनियों द्वारा दी गयी अमूल्य धरोहर है। योग से व्यक्ति स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन प्राप्त कर सकता है। इसलिए योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। पर्यटन मंत्री ने योग दिवस का शुभारम्भ करते हुए कहा कि योग जटिल एवं असाध्य रोगों में भी फायदा पहुंचाता है। विलासिता पूर्ण जीवन शैली के कारण आज का मानव विभिन्न बीमारियों से ग्रसित होता जा रहा है। चिकित्सा विज्ञान द्वारा तमाम शोध के बावजूद भी असाध्य रोगों पर विजय प्राप्त नहीं हो पाई है। योगासन एक कारगर तरीका है, जिससे जटिल बीमारियों से बचा जा सकता है।

# परीक्षा में भ्रष्टाचार के कारण लाखों युवाओं का भविष्य दांव पर लग गया – अजय राय

लखनऊ(आरएनएस)। 2024 का परिणाम 04 जून 2024 को जारी हुआ था। जिसमें कई अनियमितताएं जाहिर हुई, पेपर लीक का आरोप भी अभ्यर्थियों द्वारा लगाया गया। परीक्षा में तकनीकी गड़बड़ियां, कदाचार और अनुचित साधनों का प्रयोग किया गया। भाजपा शासित राज्य उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात, और हरियाणा में छम्म्ज परीक्षा से सम्बन्धित भ्रष्टाचार के लिए कई लोगों की गिरफ्तारियां भी हुई जिससे पूरी परीक्षा ही दोषपूर्ण की आशंका से ग्रसित हो गई है।देश एवं भाजपा शासित प्रदेशों में जिस तरह युवओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है, आएदिन पर्चा लीक की घटनाएं हो रही है,कांग्रेस पार्टी इसकी भर्त्सना करती है और कल पूरे देश में इस अराजकता के खिलाफ प्रदर्शन करेगी। इसी क्रम में कल उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के नेतृत्व में विधानसभा का घेराव किया जायेगा। देश के भविष्य युवाओं के अधिकारों के लिए लड़ी जा रही इस लड़ाई को मजबूती से लड़ने के लिए आज एक तैयारी बैठक भी की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि छम्म्ज परीक्षा में भ्रष्टाचार के कारण लाखों युवाओं का भविष्य दांव पर लग गया है। अभिभावकों के लाखों रुपए बर्बाद हुए हैं, जिस कारण कई छात्र अवसाद में हैं और कईयों ने तो आत्महत्या कर ली है।कहा कि कांग्रेस की पांच न्याय गारंटियों में से युवा न्याय में पर्चा लीक के खिलाफ एक सख्त कानून बनाने की बात कही गई थी। हम आज भी युवाओं के प्रति किये गये वादों के प्रति प्रतिबद्ध हैं और हम तब तक इस लड़ाई को जारी रखेंगे, जब तक युवाओं के प्रति हो रहे इस अन्याय का खात्मा नहीं हो जाता, दोषियों को सजा नहीं हो जाती। तब तक हम इस लड़ाई को निरन्तर रूप से सदन से सड़क तक जारी रखेंगे। बैठक में उपस्थित कांग्रेसजनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कल के प्रदर्शन में आप सभी अपने साथियों समेत अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस पुनीत लड़ाई का हिस्सा बनकर युवाओं को न्याय दिलाने का कार्य करें। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी, डॉ0 शहजाद आलम एवं जिला तथा शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# सौर ऊर्जा से रोशन होंगे अयोध्या, गोरखपुर व वाराणसी शहर

लखनऊ(आरएनएस) । प्रमुख सचिव ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत नरेन्द्र भूषण की अध्यक्षता में सोलर सिटी कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 2024–25 में नगर निगमों से प्राप्त प्रस्तावों पर विचार करने हेतु गठित राज्य स्तरीय समिति की बैठक गुरूवार को बापू भवन सचिवालय स्थित उनके कार्यालय कक्ष में हुई। उल्लेखनीय है कि सोलर सिटी कार्यक्रम के अन्तर्गत अयोध्या, गोरखपुर एवं वाराणसी शहरों की कुल विद्युत खपत का 10 प्रतिशत सौर ऊर्जा से प्राप्त किया जाना है।बैठक में नगर निगम अयोध्या में स्मार्ट सोलर स्ट्रीट लाइट, नगर निगम गोरखपुर में स्मार्ट सोलर स्ट्रीट लाइट, सोलर हाई मास्ट एवं सोलर स्ट्रीट लाइट तथा नगर निगम वाराणसी में स्मार्ट सोलर स्ट्रीट लाइट, सोलर हाई मास्ट, सोलर स्ट्रीट लाइट, सोलर ट्री एवं वॉटर किऑस्क की स्वीकृति प्रदान करने के साथ अन्य प्रस्तावों पर सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की गयी।उल्लेखनीय है कि अयोध्या सोलर सिटी के अन्तर्गत सरयू नदी के तट पर स्थापित हो रहे 40 मेगावाट सोलर पावर प्लान्ट में से 14 मेगावाट की स्थापना हो चुकी है, शेष 26 मेगावाट का कार्य प्रगति पर है। साथ ही अयोध्या, गोरखपुर व वाराणसी में ''पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना'' के अन्तर्गत घरेलू क्षेत्र के उपभोक्ताओं को आच्छादित करने हेतु क्रमशः 50000, 75000 तथा 75000 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसको प्राप्त करने हेतु नगर निगम एवं मुख्य विकास अधिकारी को कार्ययोजना तैयार करने तथा इसके बृहद प्रचार–प्रसार करने के निर्देश प्रदान किये गये। यूपीनेडा द्वारा उक्त योजना के व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु प्रचार सामग्री तैयार कराकर जिला प्रशासन को उपलब्ध करायी जायेगी। प्रदेश में 25 लाख घरों पर सोलर रूफटॉप संयंत्रों की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।इस योजना के अन्तर्गत केन्द्र तथा प्रदेश सरकार द्वारा अनुदान प्रदान किया जा रहा है, इसमें 01 कि0वाट का सोलर संयंत्र लगवाने के लिए केन्द्र से 30 हजार और राज्य से 15 हजार कुल 45 हजार रूपये का अनुदान मिल रहा है। 02 कि0वाट के लिए केन्द्र से 60 हजार और राज्य से 30 हजार कुल 90 हजार रूपये का अनुदान मिल रहा है। 03 कि0वाट के लिए केन्द्र से 78 हजार और राज्य से 30 हजार कुल 1,08000 हजार रूपये का अनुदान मिल रहा है। 03 कि0वाट से अधिक के लिए केन्द्र से 78 हजार और राज्य से 30 हजार कुल 1,08000 हजार रूपये का अनुदान दिया जा रहा है। संयंत्र स्थापना हेतु बैंकों द्वारा 07 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। संयंत्र का अनुमानित मूल्य लगभग रू0 60 हजार प्रति किलोवाट है। उपभोक्ता 03 कि०वा० का संयंत्र मात्र 1100 रु० की ईएमआई से स्थापित करा सकते हैं। सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने से विद्युत बिल में दो–तिहाई की बचत होती है।उपभोक्ता द्वारा संयंत्र लगाने में व्यय की गयी धनराशि की प्रतिपूर्ति बचत के रूप में 3–4 वर्षों में हो जाती है। संयंत्र की अवधि 25 वर्ष की होती है। अतः शेष वर्षों तक संयंत्र से उत्पादित विद्युत उपभोक्ता को निःशुल्क प्राप्त होती है। 03 कि०वा० के संयंत्र से 25 वर्षों में लगभग 10 लाख की बचत होगी।यूपीनेडा के इम्पैनल्ड वेण्डर से सोलर रूफटॉप संयंत्रों की स्थापना कराने पर उपभोक्ता को संयंत्र की स्थापना के उपरांत केन्द्र एवं राज्य सरकार के अनुदान उनके खातों में प्राप्त होता है। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए नेशनल पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होता है। इम्पैनल्ड वेण्डर के अतिरिक्त किसी अन्य वेण्डर से संयंत्र स्थापित कराने पर कोई भी अनुदान अनुमन्य नहीं होगा। बैठक में यूपीनेडा के अधिकारियों के साथ संबंधित जिलो के सीडीओ तथा नगर निगमों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# एलडीए: जनता अदालत में आये 45 प्रकरणों में से 22 का मौके पर हुआ निस्तारण

लखनऊ(आरएनएस) । विकास प्राधिकरण में गुरूवार को जनता अदालतध्प्राधिकरण दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान नामांतरण, फ्री–होल्ड, रजिस्ट्री व अवैध निर्माण आदि से सम्बंधित कुल 45 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 22 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। वहीं, शेष प्रकरणों के निस्तारण के सम्बंध में प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी द्वारा समय–सीमा निर्धारित करते हुए अधिकारियों को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया।
अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि जन सामान्य एवं आवंटियों की समस्याओं एवं उनके कार्यों को त्वरित गति से शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित किये जाने के उद्देश्य से गुरूवार को प्राधिकरण भवन के कमेटी हॉल में "प्राधिकरण दिवसध्जनता अदालत" का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी व सचिव विवेक श्रीवास्तव द्वारा जनता अदालत में उपस्थित होकर जन सामान्य की समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुना गया।जनता अदालत में पहुंचे महानगर निवासी कृष्ण प्रताप सिंह ने प्रार्थना पत्र दिया कि शंकरपुरवा प्रथम वार्ड के अंतर्गत जगरानी अस्पताल के पास कुछ लोगों ने अवैध रूप से होटल का निर्माण करवाया है। जिसके विरूद्ध विहित प्राधिकारी न्यायालय द्वारा वाद भी योजित किया गया है, लेकिन अभी तक स्थल पर कार्यवाही नहीं की गयी है। इस पर उपाध्यक्ष ने प्रवर्तन जोन–5 के जोनल अधिकारी राजकुमार को स्वयं स्थल का निरीक्षण करके 07 दिन में कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। इस क्रम में पुराना हैदरगंज निवासी राम विलास श्रीवास्तव ने प्रार्थना पत्र दिया कि बिजनौर के ग्राम–मौदा में गाटा संख्या–152 पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से रो–हाउस भवनों का निर्माण कराते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही है। जिसके विरूद्ध विहित प्राधिकारी न्यायालय द्वारा वाद भी योजित किया गया है। उक्त प्रकरण में उपाध्यक्ष ने प्रवर्तन जोन–3 के सहायक अभियंता से रिपोर्ट तलब करते हुए स्थल पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही कराने के निर्देश दिये।वहीं, शारदा नगर विस्तार योजना में निर्मित प्रधानमंत्री आवास कालोनी से आये जय सिंह, राम शंकर पाण्डेय, शैलेश बाजपेई व मनोज कुमार आदि लोगों ने ठेकेदार पर कार्य में लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया कि ब्लॉक संख्या–18 की गैलरी व जीना में पुताई नहीं हुयी है। साथ ही साफ–सफाई, नाली–नालों को ढ़कने, पार्क में बेंच लगाने आदि कुछ कार्य अधूरे हैं। इस पर उपाध्यक्ष ने अभियंत्रण जोन–2 व प्रवर्तन जोन–2 के अधिकारियों को स्थल का संयुक्त सर्वे करके समस्या दूर कराने के निर्देश दिये। उपाध्यक्ष ने कहा कि जल्द ही वह स्वयं कालोनी का निरीक्षण करके समुचित कार्यवाही सुनिश्चित कराएंगे।
जनता अदालत में काफी संख्या में ऐसे लोग भी पहुंचे, जो खुद को अकबर नगर का अध्यासी बताकर प्रधानमंत्री आवास आवंटित किये जाने की मांग कर रहे थे। इनमें से कुछ लोगों के पास अकबर नगर का स्थानीय निवास प्रमाण पत्र भी नहीं था। इस पर उपाध्यक्ष डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी ने लोगों को अवगत कराया कि मा0 सर्वोच्च न्यायालय व उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में अकबर नगर के 1679 अध्यासियों को पूर्व में ही प्रधानमंत्री आवास आवंटित कर दिये गये थे। इसके बाद भी दिनांक–16.06.2024 तक जिन लोगों ने आवास के लिए आवेदन किया है। उनके आवेदन का भी संज्ञान लिया गया है और डूडा से जांच कराते हुए पात्र लोगों को आवास आवंटित करने की कार्यवाही की जा रही है। इस क्रम में प्राधिकरण द्वारा अकबर नगर के 1900 से अधिक लोगों को आवास दिये गये हैं।

# महिला मेटों के नियोजन से मनरेगा कार्यों की गति बढ़ी

## मनरेगा में महिला मेटों के नियोजन को लेकर ग्राम्य विकास विभाग सक्रिय

## चालू वित्तीय वर्ष में अब तक 12 हजार से ज्यादा महिला मेटों को किया गया नियोजित

लखनऊ(आरएनएस) उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा गांवों के बहुमुखी विकास हेतु अनेक महत्वाकांक्षी जनकल्याणकारी व रोजगारपरक योजनाओं का संचालन पूरी गतिशीलता के साथ किया जा रहा है। गांवों में मनरेगा कार्यों को सुचारू व सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से महिला मेटों का चयन किया गया है, इनके नियोजन हेतु बहुत ही सार्थक व सकारात्मक कदम उठाए गए हैं और महिला मेटों के नियोजन से मनरेगा कार्यों गति बढ़ी हैं।ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुसार चालू वित्तीय वर्ष में अब तक 12 हजार से ज्यादा महिला मेट नियोजित की जा चुकी हैं। महिला मेटों के चयन के सम्बन्ध में दिए गये निर्देशों के क्रम में 2023–24 में प्रदेश में 57,705 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष के 35 हजार से ज्यादा महिला मेटों को नियोजित किया गया। चालू वित्तीय वर्ष 2024–25 में अब तक 12,255 महिला मेटों को नियोजित किया जा चुका है। आपको बताते चलें कि महिला मेटों के नियोजन से पूर्व विभाग द्वारा उनके प्रशिक्षण की व्यवस्था की गयी है।मनरेगा योजना के अंतर्गत 20 या 20 से अधिक श्रमिकों वाले मनरेगा कार्यस्थल पर पर्यवेक्षण हेतु महिला मेट का नियोजन किया जाता है। चयनित महिला मेटों का 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम होता है। महिला मेटों को प्रशिक्षण विकास खण्ड स्तर पर दिया जाता है।मेटों के पारिश्रमिक का भुगतान लोक निर्माण विभाग के ैव्त् (बीमकनसम वतिंजमे) के अनुसार निर्धारित दरों से किया जाने का प्राविधान है। भुगतान योजना के तकनीकी प्राक्कलन में दिए गए मानक के अनुसार किया जाता है। परियोजना के प्राक्कलन में महिला मेट को अर्ध–कुशल श्रमिक के रूप में सम्मिलित किया गया है।उप मुख्यमंत्री द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि मनरेगा श्रमिकों व मेटों के पारिश्रमिक का भुगतान नियमानुसार समय से किया जाय।ग्राम्य विकास आयुक्त श्री जी0 एस0 प्रियदर्शी ने सभी जिला अधिकारियों को मनरेगा कार्यों में महिला मेटों के नियोजन व प्रशिक्षण को लेकर विस्तृत दिशा–निर्देश दिए गए हैं। जारी निर्देशों में उन्होंने कहा है कि मनरेगा कार्यों में महिला मेटों के नियोजन में किसी भी स्तर पर ढिलाई न बरती जाय।

# नीट परीक्षा को मजाक बना दिया गया है – अखिलेश यादव

लखनऊ(आरएनएस) । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि फरवरी माह में पुलिस भर्ती व समीक्षा अधिकारी परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद अब नीट परीक्षा को मजाक बना दिया गया है। अब न्ळब्–छम्ज की परीक्षा भी लीक होने के बाद रद्द हो गयी। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में पेपर माफिया एक के बाद एक परीक्षा के पेपर लीक कर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे है। पेपर लीक किसी की भी देश के खिध्लाफ बड़ी साजिश हो सकती है? कहा कि पुलिस भर्ती की परीक्षा का पेपर लीक होगा तो कानून–व्यवस्था नहीं सुधरेगी। जिससे देश–प्रदेश में अशांति और अस्थिरता बनी रहेगी।अखिलेश यादव ने कहा कि छम्म्ज की परीक्षा में घपला होगा तो ईमानदार लोग डॉक्टर नहीं बन पाएंगे और देश के लोगों के इलाज के लिए भविष्य में डॉक्टरों की कमी और बढ़ जाएगी और बेईमान लोग, जनता के जीवन के लिए खध्तरा बन जाएंगे।कहा कि न्ळब्–छम्ज परीक्षा न होने से, पहले से शिक्षकों की जो कमी चली आ रही है, उसमें और भी ज्यादा इजाफा होगा। शिक्षकों की कमी से देश के मानसिक विकास में बाधा उत्पन्न होगी, जो कालांतर में देश के लिए बेहद घातक साबित होगी।अखिलेश यादव ने कहा कि इन सबसे प्रशासन के साथ–साथ स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था चौपट हो जाएगी। ये हमारे देश के शासन–प्रशासन व देश के मानव संसाधन के विरूद्ध कोई बहुत बड़ा षड्यंत्र भी हो सकता है, जिसके दूरगामी नकारात्मक परिणाम निकलेंगे। इसीलिए कोर्ट की निगरानी में इसकी कठोर जाँच हो और दोषियों को कठोरतम सजा दी जाए, और कोई भी अपराधी छोड़ा न जाए, फिर वो चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो या फिर उसके सिर पर सत्ता का हाथ ही क्यों न हो?कहा कि लोग कह रहे हैं जो भ्रष्ट लोग कोरोना के वैक्सीन में चुनावी चंदे के नाम पर पीछे से करोड़ों रूपये खा सकते हैं, वो भला परीक्षा–प्रणाली को क्या छोड़ेंगे? अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार कोई परीक्षा पारदर्शिता से नहीं करा पा रही है। भर्ती परीक्षाओं के कई पेपर पहले ही लीक हो चुके है। भाजपा सरकार ने छात्रों, नौजवानों का भविष्य अंधकार में डाल दिया है।

# चालू वित्तीय वर्ष में अब तक 12 हजार से ज्यादा महिला मेटों को किया गया नियोजित

लखनऊ(आरएनएस) । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा गांवों के बहुमुखी विकास हेतु अनेक महत्वाकांक्षी जनकल्याणकारी व रोजगारपरक योजनाओं का संचालन पूरी गतिशीलता के साथ किया जा रहा है। गांवों में मनरेगा कार्यों को सुचारू व सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से महिला मेटों का चयन किया गया है, इनके नियोजन हेतु बहुत ही सार्थक व सकारात्मक कदम उठाए गए हैं और महिला मेट के नियोजन से मनरेगा कार्यों गति बढ़ी हैं।ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुसार चालू वित्तीय वर्ष में अब तक 12 हजार से ज्यादा महिला मेट नियोजित की जा चुकी हैं। महिला मेट के चयन के सम्बन्ध में दिए गये निर्देशों के क्रम में 2023–24 में प्रदेश में 57,705 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष के 35 हजार से ज्यादा महिला मेट को नियोजित किया गया। चालू वित्तीय वर्ष 2024–25 में अब तक 12,255 महिला मेटों को नियोजित किया जा चुका है। आपको बताते चलें कि महिला मेटों के नियोजन से पूर्व विभाग द्वारा उनके प्रशिक्षण की व्यवस्था की गयी है।मनरेगा योजना के अंतर्गत 20 या 20 से अधिक श्रमिकों वाले मनरेगा कार्यस्थल पर पर्यवेक्षण हेतु महिला मेट का नियोजन किया जाता है। चयनित महिला मेट का 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम होता है। महिला मेट को प्रशिक्षण विकास खण्ड स्तर पर दिया जाता है। मेट के पारिश्रमिक का भुगतान लोक निर्माण विभाग के ैव्त् यैबीमकनसम वतिंजमेद्ध के अनुसार निर्धारित दरों से किया जाने का प्राविधान है। भुगतान योजना के तकनीकी प्राक्कलन में दिए गए मानक के अनुसार किया जाता है। परियोजना के प्राक्कलन में महिला मेट को अर्ध–कुशल श्रमिक के रूप में सम्मिलित किया गया है। उप मुख्यमंत्री द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि मनरेगा श्रमिकों व मेटों के पारिश्रमिक का भुगतान नियमानुसार समय से किया जाय। ग्राम्य विकास आयुक्त जी0 एस0 प्रियदर्शी ने सभी जिला अधिकारियों को मनरेगा कार्यों में महिला मेटों के नियोजन व प्रशिक्षण को लेकर विस्तृत दिशा–निर्देश दिए गए हैं। जारी निर्देशों में उन्होंने कहा है कि मनरेगा कार्यों में महिला मेटों के नियोजन में किसी भी स्तर पर ढिलाई न बरती जाय।

# नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री 10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को वाराणसी में योग कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे

## प्रधानमंत्री भारत की विरासत योग को दुनिया के कोने-कोने तक फैलाने में रहा महत्वपूर्ण योगदान

लखनऊ(आरएनएस) । उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा 10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून, शुक्रवार को देश की धार्मिक एवं सांस्कृतिक नगरी वाराणसी पहुंचकर वहां काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में प्रातः 06 बजे आयोजित योग कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। इस दौरान योग कार्यक्रम में जिला प्रशासन के अधिकारी, शहर के गणमान्य व्यक्ति, नवयुवक व महिलायें प्रतिभाग करेंगी। ए0के0 शर्मा ने योग कार्यक्रम में अधिक से अधिक नागरिकों के प्रतिभाग करने की अपील की है। उन्होंने विश्व योग दिवस पर विश्व, देश एवं प्रदेश के नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से भारत की गौरवपूर्ण संस्कृति एवं विरासत पूरी दुनिया में फैल रही है। भारतीय विरासत जो आज दुनिया के कोने–कोने तक फैल चुकी है। पूरी दुनिया में शरीर और मन को निरोग रखने के लिए लोग योग को अपना रहे हैं। 10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को विश्वभर में 21 जून को 'स्वयं और समाज के लिए योग' थीम पर आयोजित किया जा रहा है। सितम्बर, 2014 में प्रधानमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को प्रतिवर्ष 21 जून को मनाने का प्रस्ताव रखा गया, जिसे सहर्ष स्वीकार कर लिया गया था। भारत देश में शारीरिक, मानसिक एवं अध्यात्मिक उन्नयन के लिए हजारों वर्षों से ऋषि–मुनि योगाभ्यास कर रहे हैं।

# 'योग को नियमित दिनचर्या में करे शामिल

लखनऊ(आरएनएस) रूदशम् अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनपद रायबरेली के मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित ''योगोत्सव'' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री महिला कल्याण, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार प्रतिभा शुक्ला, स्वास्थ्य सचिव पिंकी जोवेल, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल, एथलिस्ट सुधा सिंह सहित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में योगासन की विभिन्न मुद्राओं के जरिये जनपदवासियां को स्वस्थ्य और निरोगी रहने का संदेश दिया।राज्यमंत्री ने ने कहा कि प्रधानमंत्री के अथक प्रयासों से पौराणिक एवं वैदिक पद्धति योग को एक अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिल पाई है। जिसके फलस्वरूप आज भारत के साथ–साथ पूरे विश्व के लोग अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। आज योग प्रत्येक घर में किया जा रहा है। नियमित रूप से योग करने से व्यक्ति निरोगी रहता है। उन्होंने इस अवसर पर लोगों से अपील किया कि योग को सिर्फ एक विशेष दिन के लिए ही न करें बल्कि इसको अपनी नियमित दिनचर्या में शामिल करें। आज के समय में प्रत्येक व्यक्ति के लिए योग करना जरूरी है।

## योग से आजीविका के नये रास्ते भी खुल रहे हैं

# स्वस्थ एवं निरोग रहने के लिए सभी लोग नियमित रूप से करें योगाभ्यास – केशव प्रसाद मौर्य

## उपमुख्यमंत्री ने प्रयागराज में आयोजित योग दिवस कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

लखनऊ (आरएनएस)। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भारत स्काउट एण्ड गाईड कालेज प्रयागराज में आयोजित दशम् अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मुख्य कार्यक्रम का मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर सांसद फूलपुर प्रवीण कुमार पटेल, विधायक फाफामऊ गुरु प्रसाद मौर्य, सदस्य विधान परिषद सुरेन्द्र चौधरी , अपर पुलिस आयुक्त एन0 कोलांची, नवनीत सिंह चहल जिलाधिकारी, गौरव कुमार, मुख्य विकास अधिकारी एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री केशव प्रयाद मौर्य ने कहा कि स्वस्थ एवं निरोग रहने के लिए सभी को योग अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कहावत है कि– पहला सुख –निरोगी काया । आज देश के लगभग सभी राज्यों के सभी जिलों, सभी तहसीलों, सभी ब्लाकों तथा ग्रामों के साथ–साथ विश्व में योग दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी लोग प्रतिदिन योग करने के लिए संकल्प ले। उपमुख्यमंत्री ने योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए समाज को बीमारियों व महामारियों से बचने के लिये योग को नियमित रुप से अपनाने पर बल दिया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि योग से तन और मन तो स्वस्थ रहता ही है, योग से आजीविका के नये मार्ग भी प्रशस्त हो रहे हैं। लोग अब फिटनेस के लिए प्रशिक्षकों को नियुक्त कर रहे हैं। योग केवल ज्ञान हीध् नही ,विज्ञान भी है। योग मन को केन्द्रित करने में मदद कर रहा है। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर उन्होंने सभी को बधाई देते हुए कहा कि योग समाज में सकारात्मक बदलाव के नये रास्ते बना रहा है। देश व दुनिया में योग करने वालों की संख्या बढ़ रही है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2025 में महाकुम्भ का आयोजन होने जा रहा है, जिसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां चल रही है। उन्होंने कहा कि सभी प्रयागवासी आगामी कुम्भ में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करने के लिए तत्पर रहे। उपमुख्यमंत्री जी ने विशाल एवं ऐतिहासिक योग कार्यक्रम के आयोजन के लिये पूरे जिला प्रशासन एवं सहयोगी विभाग व प्रयागवासियों को बधाई दी। कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिये युवाओं और बच्चों में जबरदस्त उत्साह देखा गया प्रतिभाग करने के लिये दूर–दूर से आने वाले प्रतिभागी सुबह 4 बजे से ही एकत्र होने लगे थे तथा 5.30 होते होते लगभग पूरा परिसर योगाभ्यासिंयों से भर गया। आयोजकों की ओर से लगभग 8 हजार लोगों के योगाभ्यास के लिये प्रबन्ध किया गया था, लेकिन आगन्तुक उससे कहीं अधिक थे।यह योगाभ्यास कार्यक्रम प्रतिवर्ष 21 जून को मनाये जाने वाले अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के साथ ही ''योग स्वयं एवं समाज के लिये'' थीम को समाहित किये हुए था। पूरा क्षेत्र 4 जोन एवं 12 सेक्टरों में विभाजित किया गया था जिसमें 8 हजार से अधिक पंक्तिबद्ध योगाभ्यासी खड़े थे। योगाचार्य श्री धर्मेन्द्र मिश्र ने भारत सरकार द्वारा जारी गाईडलाइन के अनुसार 45 मिनट का योगाभ्यास कराया, जिसमें 32 विभिन्न प्रकार के योगासन थे, प्रत्येक सेक्टर में दो–दो मास्टर ट्रेनर की भी तैनाती की गई थी। योगाभ्यास के पश्चात सहयोगी संस्थाओं, विभागों एवं मास्टर ट्रेनरों को उप मुख्यमंत्री द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री प्रभाकर त्रिपाठी ने किया। डा0 शारदा प्रसाद क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी ने अवगत कराया कि आयुष विभाग के चिकित्सालयों में योगाभ्यास के माध्यम से बीमारियों के इलाज के लिये कुशल योग प्रशिक्षक नियुक्त हैं ,जहां से जन सामान्य अपनी स्वास्थ्य समस्याओं से सम्बन्धित उपचार प्राप्त कर सकता है।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र


# लखनऊ जन विकास महासभा एवं डा0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राकृतिक विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग संपन्न हुआ

लखनऊ रूअंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सभागार में विश्वविद्यालय के छात्रों एवं स्टाफ तथा लखनऊ जन विकास महासभा के योग साधकों द्वारा दोनों संस्थाओं के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय योग शिविर का सफल संचालन आज प्रातः काल 8:00 बजे शुरू हुआ जिसके अंतर्गत डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के द्वारा राजाजीपुरम से आए हुए योग गुरु परम आदरणीय श्री अंशु श्रीवास्तव जी एवं अलीगंज से आए हुए योग गुरु श्री तेज सिंह जी ने तथा डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ' के कुलपति आदरणीय श्री जे पी पांडे जी, प्रति कुलपति प्रोफेसर राजीव कुमार, रजिस्ट्रार श्रीमती रीना सिंह जी, वित्त अधिकारी श्री सुशील कुमार गुप्ता, प्रोफेसर ओ पी सिंह डीन एस डब्लू, व अन्य अधिकारियो सहित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का शुभारंभ किया गया' उपरोक्त अवसर पर A K T U विश्वविद्यालय के प्रोफेसर, कर्मचारी, छात्र एवं जानकीपुरम विस्तार के आम नागरिक भी उपस्थित रहे, जिसके अंतर्गत अनुलोम विलोम, कपाल भारती, मंडूक आसान, ताण आसन, धनुर आसन, बटरफलाई के साथ ही साथ अन्य कई आसन'उपयोगी योग 'कराए जाने के साथ ही योग गुरु के माध्यम से प्रत्येक उपस्थित योग साधकों को एवं विश्वविद्यालय के छात्रों तथा डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम स्टाफ के सभी सदस्यों को भी योग का प्रशिक्षण दिया गया इसी के साथ ही साथ लखनऊ जन विकास महासभा के योग गुरु श्री विजयकांत श्रीवास्तव जी ने भी योग साधकों को गुरु मंत्र दिया कि यदि योग का पूरा लाभ हम सभी को उठाना है तो वह मन और विचार को शरीर के साथ ही जोड़कर ही योगासन करें तभी योग का पूरा फायदा मिलेगा अन्यथा नहीं उपरोक्त अवसर पर लखनऊ जन विकास महासभा के अध्यक्ष श्री एस के वाजपेई जी, संयोजक श्री पंकज तिवारी जी, संरक्षक श्री अरविंद नाथ मिश्रा जी, योग संरक्षक श्री संतोष तिवारी जी, महामंत्री पंडित श्री राम तिवारी जी, कोषाध्यक्ष श्री राजीव गुप्ता जी, वरिष्ठ योग साधक श्री कपिल गुप्ता जी, श्रीमती प्रज्ञा गुप्ता जी, श्री आर पी गुप्ता जी, श्रीमती पियूष गुप्ता जी, श्री डी सी गुप्ता जी, श्रीमती रानी गुप्ता,श्रीमती प्रेमा भारती जी, श्रीमती दिशा तिवारी जी, श्री अरविंद गुप्ता जी, श्री नरेंद्र तिवारी जी, श्री रामस्वरूप जी, श्रीमती ममता श्रीवास्तव जी, श्रीमती प्रीति श्रीवास्तव जी, श्री संजीव श्रीवास्तव, श्रीमती तूलिका त्रिवेदी, श्रीमती नूपुर अग्रवाल, श्रीमती कीर्ति श्रीवास्तव जी, श्री राकेश सोनकर जी, श्रीमती राखी वाजपेई जी, श्रीमती सावित्री देवी जी, श्री शैलेश शुक्ला जी, श्री बरनवाल जी, श्रीमती गीता यादव जी , डॉ संगीता सोनी जी , डॉ एम एस यादव जी , श्री मनोज गुप्ता जी, श्री सुजीत यादव जी , श्री राम मिलन सिंह जी , श्री सौरभ जी , श्रीमती सुषमा बरनवाल जी, श्री विपिन गुप्ता जी , श्री आर पी गौतम जी , श्री नितिन गुप्ता जी , श्रीमती माया विश्वकर्मा जी , श्रीमती सरिता त्रिपाठी जी , मास्टर शुभ तिवारी, मास्टर कौशिक कुमार गुप्ता, मास्टर अभिजीत यादव, मास्टर दिवेश यादव, मास्टर सुदक्ष यादव, मास्टर कान्हा सेठ, एवं कुमारी अर्पिता गुप्ता आदि भी अंतर्राष्ट्रीय योग शिविर में उपस्थित रहे लखनऊ जन विकास महासभा योग प्रकोष्ठ के संरक्षक श्री संतोष तिवारी जी ने बताया कि डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ने 'पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी अंतरराष्ट्रीय योग शिविर का सफल संचालन जानकीपुरम विस्तार के क्षेत्र में रहने वाली आम जनता के लिए योग शिविर चलाकर बहुत ही सराहनीय कार्य किया है जिसके अंतर्गत दूर–दराज से आए हुए योग साधकों एवं विश्वविद्यालय के छात्रों को योग प्रशिक्षण देने के साथ–साथ उन्हें प्रतिदिन अपने–अपने क्षेत्र में लोगों को योग के प्रति प्रेरित करने के लिए भी योग गुरु द्वारा बताया गया एवं अंतर्राष्ट्रीय योग शिविर के समापन के पश्चात प्रत्येक योग साधकों को स्वा अल्पाहार का वितरण भी डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराया गया उपरोक्त अवसर पर लखनऊ जन विकास महासभा के अध्यक्ष श्री एस के वाजपेई जी ने उपरोक्त सुंदर कार्यक्रम आयोजित करने के लिए डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम विश्वविद्यालय के कुलपति एवम सचिव को धन्यवाद देने के साथ ही साथ उनके समस्त स्टाफ का आभार प्रकट किया






## छात्रों व युवाओं का योग से जुड़ाव समाज में रचनात्मक परिवर्तन लायेगा – श्रीमती सुषमा खर्कवाल, मेयर, लखनऊ

लखनऊ, 21 जून। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज सिटी मोन्टेसरी स्कूल के विभिन्न कैम्पसों में योग शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य समारोह सी.एम.एस. राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस के विद्यालय परिसर में सम्पन्न हुआ, जहाँ अन्तर–विद्यालयी योगा मीट के विजेता छात्रों को पुरष्कृत कर सम्मानित किया गया। इससे पहले, लखनऊ की मेयर श्रीमती सुषमा खर्कवाल ने बतौर मुख्य अतिथि सी.एम.एस. राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस में पधारकर योगा मीट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सी.एम.एस. संस्थापिका–निदेशिका डा. भारती गाँधी, सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन, सी.एम.एस. राजाजीपुरम कैम्पस की प्रधानाचार्या श्रीमती निशा पाण्डेय एवं संत आसूदाराम आश्रम से पधारे योग गुरू श्री अशोक केवलानी के अलावा अनेक गणमान्य हस्तियों, योग प्रेमियों एवं बड़ी संख्या में छात्रों व शिक्षकों ने सामूहिक योग–प्राणायाम कर 'योग से निरोग'का संदेश सारे विश्व में प्रवाहित किया।



इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि श्रीमती सुषमा खर्कवाल ने कहा कि युवा पीढ़ी का योग से जुड़ाव समाज में रचनात्मक परिवर्तन लायेगा और हमारी भावी पीढ़ी शारीरिक व मानसिक रूप से सशक्त, समर्थ व चरित्रवान बनेगी। सी.एम.एस. संस्थापिका–निदेशिका डा. भारती गाँधी ने बताया कि सी.एम.एस. शालीमार वनवर्ल्ड कैम्पस समेत सी.एम.एस. के विभिन्न कैम्पसों में प्रातः सभी के लिए निःशुल्क योग शिविर आयोजित किये जा रहे हैं, जिनमें भारी संख्या में जनमानस उत्साह के साथ प्रतिभाग कर रहे हैं। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने कहा कि इस योग समारोह का उद्देश्य जन–जन को योग के महत्व से अवगत कराना एवं मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। अन्तर–विद्यालयी योगा मीट के अन्तर्गत प्रतिभागी छात्रों ने वीरभद्रासन, चक्र बंधासन, विभक्त पश्चिमोत्तासन, पूर्ण सुप्त वज्रासन, पदम सर्वांगासन, पूर्ण भुजंगासन, धनुराषन, गरुणासना, पार्श्वकोसना, बकासन, योग निद्रासन, मत्यासन, पूर्ण धनुराषन, त्रिकोणासन, ऊष्ट्रासन, गर्भासन, चक्रासन, धनुराषन, सर्वांगासन आदि विभिन्न यौगिक क्रियाओं में अपने हुनर का जलवा बिखेरा।

## अयोध्या में पहली कोरियर कंपनी ने खोला कार्यालय

अयोध्या । विश्व योग दिवस के अवसर पर ट्रैकोंन कोरियर प्राइवेट लिमिटेड ने जनपद में पहला कार्यालय खोल कर जनपद वासियों को भारत सेवा देने का भरोसा दिलाया। कंपनी के सीएमडी पी.के.आनंद ,सीईओ राजेश कपासे के मार्ग निर्देशन में कंपनी उत्तर प्रदेश ईस्ट के एसोसिएट डायरेक्टर ललित श्रीवास्तव द्वारा



अयोध्या कैंट स्थित नियवा रोड में ट्रैकोंन कुरियर प्राइवेट लिमिटेड का विधवत फीता काटकर उद्घाटन किया । जिसमें कंपनी के ऑपरेशन मैनेजर सेल्स मैनेजर ब्रांच मैनेजर तथा सभी फ्रेंचाइजी उपस्थित रहे। कंपनी अपने ग्राहकों को बेहतर सुविधाए प्रदान करने के लिए अपने ब्रांडेड ऑफिस , पिन कोड, फ्रेंचाइजी नेटवर्क का विस्तार करती जा रही है। इसी कड़ी में भगवान श्रीराम के मंदिर में विराजमान होने के बाद से देश विदेश की तमाम कंपनियां अपना स्थान अयोध्या में पाने में लगी हुई हैं जिसमे ट्रैकान कंपनी ने भी अपनी भागीदारी दिखाते हुए यहां दर्शन पूजन को आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर कोरियर व्यवस्था देने का निर्णय किया और यहां की लोकप्रियता को ध्यान में रखते हुए कार्यालय स्थापित किया हैं जिसका शुभारंभ आज के विशेष दिन योग दिवस को अपने कार्यालय का शुभारंभ किया। जिसे लेकर कोरियर करने वाले उपभोक्ताओं ने काफी सराहनीय बताते हुए भविष्य में इसी तरह आगे बढ़ने की कामना किया। उद्घाटन अवसर पर जिले के सभी प्रबंधक व कोरियर वितरक मौजूद रहें।

## हिंदी टीवी सीरियल 'रब्बा कैसी ये प्रीत बनाई' का फर्स्ट लुक आउट हुवा जारी

पारिवारिक कहानी पर आधारित हिंदी टीवी सीरियल श्रब्बा कैसी ये प्रीत बनाईश का फर्स्ट लुक आउट जारी कर दिया गया। हिट्स एंड वायरल ऑफिशियल व जय गणेश एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले निर्माणाधीन इस धारावाहिक का निर्देशन संगम नगरी के राइटर ,एक्टर सुधीर सिन्हा कर रहे हैं जबकि छायांकन




हिमांशु यादव का है।इस हिंदी टीवी सीरियल के निर्देशक सुधीर सिन्हा के अनुसार इसका पोस्ट प्रोडक्शन का पूरा काम जय गणेश डिजिटल ऑडियो स्टूडियो प्रयागराज में लगातार चल रहा है सीरियल का अधिकांश कार्य कंप्लीट हो गया है और जो थोड़ा बहुत बचा है उसको भी जल्द ही कंप्लीट कर लिया जाएगा ।इस हिंदी सीरियल में कई हिट फिल्में करने वाली और दर्शकों के दिलों पर राज करने वाली बाजीराव बब्बन यादव व सपना सिंह मुख्य भूमिका में है ।इनके साथ रंगमंच, आकाशवाणी और छोटे परदे के कई स्थानीय कलाकारों को अभिनय का मौका मिला है।जिन्होंने बेहतरीन अभिनय की छाप छोड़ते हुवे अपने अपने किरदार को बखूबी किया है। हिंदी टीवी सीरियल रब्बा कैसी ये प्रीत बनाई का ट्रेलर 24 जून को हिट्स एंड वायरल ऑफिशल से रिलीज होगा। उम्मीद है कि पब्लिक के दिलों पर यह टीवी सीरियल राज करेगा।

## नीट परीक्षा रद्द किये जाने की मांग को लेकर कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

झांसी नीट–यूजी परीक्षा परिणाम 2024 में हुई गड़बड़ी के विरोध में कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन के अन्तर्गत शुक्रवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कार्यकर्ता महात्मा गांधी उधान कचहरी चौराहे पर एकत्रित हुये। आंदोलन की शुरुआत महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से की और वहां से नीट परीक्षा रद्द करो, छात्रों के साथ खिलवाड़ बंद करों और शिक्षा मंत्री इस्तीफा दो लिखी तख्तियाँ हाथों में लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को भेंट किया।



इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने नीट परीक्षा रद्द करते हुये एन टी ए द्वारा कराई गई सभी परीक्षाओं की जांच सी बी आई से कराने,युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले शिक्षा माफिया के खिलाफ कठोर कार्यवाही किये जाने की मांग की गई।

प्रदेश सचिव मनीराम कुशवाहा ने कहाकि नीट परीक्षा 2024 में हुई अनियमितता के कारण करीब 24 लाख छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है और एन डी ए सरकार मौन साधे हुये है।इन सभी परीक्षाओं में हुई धांधलियों की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुये केंद्रीय शिक्षा मंत्री को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिये।

पूर्व शहर अध्यक्ष इम्तियाज हुसैन, रघुराज शर्मा, बलवान सिंह यादव , मुकेश अग्रवाल, नीता अग्रवाल,अफजाल हुसैन,अमीर चंद आर्य, मुन्नी देवी अहिरवार, किश्वरजहां , सरला भदौरिया, आशिया सिद्धिकी, फैसल हुसैन,इन्दिरा रायकवार , अखिलेश गुरुदेव, प्रकाश कुशवाहा, मनोज यादव, संतोष कुशवाहा, मनीष दुबे, प्रीतम सिंह, प्रदुम्न सिंह, लोकेन्द्र यादव, अमित गुप्ता, अभिमन्यु राजपूत, राकेश यादव, मुकेश भदौरिया, गौरव झारखंडिया, वैभव बट्टा, चौधरी फरहान,सी डी लिटौरिया, राहुल जादौन,राजपाल सिंह बुंदेला, प्रकाश कुशवाहा, प्रदुमन सिंह, आशु ठाकुर, घनश्याम दास झां, मानवेंद्र सिंह, भरत राय,अनिल रिछारिया, मजहर अली , प्रमोद राय, युवराज सिंह यादव, अखलाक मकरानी, जगमोहन मिश्रा,हरिओम श्रीवास, अशोक कन्सौरिया, राजकुमार फौजी, प्रमोद सेठी,मनोज तिवारी, जाहिद अली,सायना नोमान, मो. शाहिद, आरिफ सलीम,प्रणय श्रीवास्तव, कार्तिक पटैरिया, अनंत सिंघल, शैलेंद्र वर्मा शीलू , वसीमउद्दीन , महमूद, चौधरी अनस, शमीमा, राजेश रानी, प्रीति श्रीवास,पार्वती चौधरी, स्टेला मसीह, पूजा सिंह, सलमा, महक श्रीवास, उमाचरण वर्मा, प्रशांत वर्मा, विशाल वर्मा, सईदा बैगम, हरिशंकर बाल्मीकि, बृजेन्द्र यादव , देवेन्द्र यादव,रशीद मन्सूरी, शाहनवाज हुसैन, मो. शफीक,मेवालाल भंडारिया, जीतू राजा आदि मौजूद रहें।

इस अवसर पर आम आदमी जिलाध्यक्ष श आप श अरशद खान, महानगर अध्यक्ष श आप श ग्यादीन कुशवाहा, प्रांतीय सचिव श आप श पुत्तू सिंह कुशवाहा, चौधरी परवेज, भाग्यलक्ष्मी अय्यर, नीलम चौधरी, सीमा कुशवाहा, राजकुमार राव, इम्तियाज खान, अनिल कुमार, एडवोकेट अनुराग मिश्रा, एडवोकेट विजय कुमार कर्ण सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## शहीद हज यात्रियों घटनाक्रम का जिम्मेदार अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय और हज कमेटी ऑफ इंडिया - अनीस मंसूरी

लखनऊ, पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी ने हज 2024 में शहीद हज यात्रियों पर दुःख ब्यक्त करते हुए कहा कि इस पूरे घटनाक्रम का जिम्मेदार अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय और हज कमेटी ऑफ इंडिया है। हम पिछले दो सालों से उत्तर प्रदेश सहित पूरे भारत से हज पर जाने वाले यात्रियों की परेशानियों से आगाह कराते आ रहे हैं लेकिन हमारी बातों को संज्ञान में नहीं लिया गया जिसका नतीजा है कि हजारों लोगों के शहीद होने के वीडिओ वायरल हो रहे हैं।अनीस मंसूरी ने माननीय प्रधानमंत्री जी से मांग करते हुए कहा कि वह इस मामले में सीधे तौर पर हस्तक्षेप करते हुए काउंसिलेट जनरल ऑफ इंडिया जेद्दा के जिम्मेदार अधिकारीयों और हज कमेटी ऑफ इंडिया के सी ई ओ लियाकत अली आफाकी को तत्काल तलब करके उनकी जांच करवाएं।अनीस मंसूरी ने कहा कि सऊदी अरब से भारतीय हज यात्रियों के शहीद होने की वायरल वीडिओ से पूरे देश के मुसलमानो में गम और गुस्सा है लेकिन ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड जो शरीअत की हिफाजत के दावे करता है लेकिन इस मसले पर चुप्पी साधे है।अनीस मंसूरी ने कहा कि बड़े अफसोस की बात है कि मुसलमानो के सिर गिनवा कर शासन और सत्ता की दलाली करने वाले मौलाना भी इस मसले पर कुछ नहीं बोल रहे हैं।उन्होंने कहा कि यही मौलाना हाजियों की रवानगी के समय झंडी दिखाने के लिए बेताब रहते हैं। उन्होंने कहा कि कल शनिवार से हाजियों की वापसी हो रही है ऐसे में अगर वह कल एयरपोर्ट पर हाजियों का फर्जी इस्तेकबाल कर फोटो खिंचाते दिखे तो पसमांदा मुस्लिम समाज के लोग वहीं एयरपोर्ट पर घिराव करेंगे।




## योग करो निरोग रहो की थीम पर मनाया गया योग दिवस

### –राम की पैड़ी पर योग करने के लिए जुटे हजारों लोग

अयोध्या(आरएनएस)। योग दिवस पर शुक्रवार को सरयू तट स्थित राम की पैड़ी पर हजारों लोगों ने एक साथ योगाभ्यास किया। गुप्तारघाट समेत जनपद में कई स्थानों पर योगाभ्यास के लिए कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इनमें जिले में करीब दो लाख लोगों ने शामिल होकर योगाभ्यास किया। राम पैड़ी पर योगी सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी,आईजी प्रवीण कुमार, डीएम नितीश कुमार सीडीओ ऋषि राज और एसएसपी राजकरन नैयर, नगर आयुक्त संतोष शर्मा के अलावा बड़ी संख्या में प्रशासनिक और पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के साथ हजारों लोगों ने सामूहिक योग में भाग लिया। इसके अलावा जनपद की सभी तहसीलों में भी योग का आयोजन का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्व विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी शामिल हुए। मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज हम दशवां योग दिवस मना रहे है। उनके कुशल मार्गदर्शन में ही देश का तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश का समुचित विकास हो रहा है और प्रदेश उत्तर प्रदेश से उत्तम प्रदेश की ओर अग्रसर है। नोडल अधिकारी प्रमुख सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन अनिल गर्ग बनाए गए हैं। डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, आचार्य नरेंद्र देव कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, साकेत महाविद्यालय समेत जिले के विभिन्न महाविद्यालय, इंटर कॉलेजों व अन्य शैक्षिक संस्थानों में लाखों की संख्या में लोगों ने योगाभ्यास किया। इसमें जिले के योग वेलनेस सेंटर के प्रशिक्षण, जिले के चिकित्साधिकारी व पतंजलि योग संस्थान, नारी सशक्तिकरण योग संस्थान सहयोगी के रूप में रहे। कार्यक्रम को लेकर 15 जून को योग सप्ताह की शुरुआत राम की पैड़ी से हुई थी। जिसमें रन फॉर योग की रैली का उद्घाटन महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने किया था। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर होम्योपैथी चिकित्सा विकास महासंघ के महासचिव एवं महानगर सह सेवा प्रमुख डा उपेन्द्र मणि त्रिपाठी ने सरस्वती विद्यामन्दिर इंटर काले रामनगर में योग प्रोटोकाल के तहत योग कराया। उन्होंने कहा व्यक्ति राष्ट्र की प्रथम इकाई है, शुद्ध निर्मल मन बुद्धि आहार विहार विचार चिंतन से ही व्यक्ति के स्वस्थ होने का परिचय मिलता है। जिससे परिवार , समाज व राष्ट्र की उत्पादकता बढ़ती है प्रगति व इस अवसर पर मुख्य अतिथि महानगर संघ चालक प्रो विक्रमा प्रसाद ने कहा स्वस्थ राष्ट्र के लिए स्वस्थ मन मस्तिष्क हेतु भारतीय योग विश्व शांति का माध्यम है हमे अपने जीवन मे एक घण्टे प्रतिदिन अपने शरीर के लिए देना चाहिए। आर्ट ऑफ लिविंग अयोध्या इकाई ने एमआईएस इंटरनेशनल स्कूल, देवकाली में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन यूथ हॉस्टल एसोसिएशन की साकेत इकाई के संयुक्त तत्वाधान में किया। कार्यक्रम की शुरुवात नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष विजय गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर गुरु देव श्री श्री रवि शंकर के चित्र पर स्कूल की प्रधानाचार्या ने मालार्पण किया। कार्यक्रम में बैंगलोर से पधारे स्वामी आत्मा चौतन्य ने योग का महत्व और उसकी विधियों पर प्रकाश डाला। उनके साथ स्थानीय प्रशिक्षक अनुज भज्जा, अनीता अग्रवाल और सारिका रोली दीप ने भी योग प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम का संचालन यूथ हॉस्टल्स के प्रादेशिक उपाध्यक्ष अनूप मल्होत्रा ने किया। योग सत्र में विभिन्न प्रकार के योगासन, प्राणायाम और ध्यान की विधियों को सिखाया गया। आयुष मंत्रालय, भारत सरकार की गाइडलाइंस के अनुसार प्रशिक्षण दिया गया, जिससे प्रतिभागियों को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त हुआ। आयोजन के दौरान, स्वामी आत्म चौतन्य ने योग के नियमित अभ्यास के महत्व पर जोर दिया और बताया कि कैसे योग जीवन को संतुलित और स्वस्थ बनाने में सहायक है। उन्होंने कहा, "योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह एक सम्पूर्ण जीवन पद्धति है जो हमें अंदरूनी शांति और सुख की अनुभूति कराती है। इस अवसर पर मोहित मोटवानी, महेश जयसवाल, अनुराग वश्य, प्रशांत केसरवानी, शीतला पांडे ,विवेक जैन , आशीष महेंद्र, अरविंद अग्रवाल,लाला रस्तोगी, दीपक मेहरोत्रा, सौरभ सागर, अभिषेक, संजय मित्तल, रश्मि केसरवानी , भारती वैश्य ,नीता मित्तल, पूनम खत्री, सुनीता खत्री, मोनिका अग्रवाल,उषा पाठक आदि उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ योग सत्र में भाग लिया। विवेक सृष्टि परिसर में योग दिवस में बड़े धूमधाम से मनाया गया .अबकी बार की थीम थी– स्वयं एवं समाज के लिए योग. कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्थान के अध्यक्ष डॉ0चौतन्य ने योग अभ्यास का महत्व एवं योग की नियमितता एवं योग के लिए समय प्रबंधन पर विशेष प्रकाश डाला. इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह शारीरिक शिक्षण प्रमुख माननीय ने ओके मोहनन जी ने कहा कि योग से स्वस्थ होकर आप एक न्याय संगत समाज के निर्माण में अपना योगदान प्रस्तुत करें स कार्यक्रम का संचालन ई. रवि तिवारी ने किया ।

# संपादकीय

## गर्मी से हाल बेहाल और जल संकट

गर्मी के कारण हाल बेहाल है। समूचा उत्तर भारत तप रहा है। बुजुर्गों की स्मृति में भी नहीं है कि उन्होंने पहले कभी इतनी प्रचंड गर्मी की लगातार मार सही हो। दिल्ली और एनसीआर जैसे क्षेत्रों से लू के कारण मरने वालों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।और दूसरी तरफ जब देश की राजधानी दिल्ली में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है तो देश के जलाभाव वाले क्षेत्रों में क्या स्थिति होगी, उसकी कल्पना करना कठिन नहीं है। जो हो रहा है, वह अनायास या अचानक नहीं हो रहा है। दुनिया भर के पर्यावरणविद् और जलवेत्ता वर्षों से इस स्थिति की आशंका के प्रति चेतावनी जारी करते रहे हैं। भारत में भी बदलते तापमान और तद्जन्य समस्याओं को लेकर लगातार अपनी बातें सामने रखते रहे हैं।पानी के संकट को लेकर और देश भर में भूजल स्तर की डरावनी गिरावट को लेकर भी चेतावनियां जारी होती रही हैं। इसका कारण खोजने के लिए अतिरिक्त अन्वेषण की जरूरत नहीं है। असंतुलित विकास की भेंट चढ़े देश के वन जंगल, निर्ममता से नष्ट किए गए स्थानिक जल स्रेत और जल संसाधनों पर तीव्र गति से बढ़ती जनसंख्या के दबाव के कारण यह स्थिति पेश हुई है।देश भर में गांव–देहातों तक जिन छोटी–छोटी नदियों का जाल बिछा हुआ था और जो पोखर तालाब जल के संरक्षण के मुख्य वाहक होते थे, वे अब कहीं दिखाई नहीं देते। मनुष्य के अनियंत्रित लालच और हर स्तर पर व्याप्त भ्रष्टाचार ने स्थितियों को कई गुना जटिल किया है तिस पर राजनीतिक दलों की बेहयाई समस्या की आग में घी डालती रहती है।सबसे ज्यादा मौजूदा उदाहरण इस समय दिल्ली का है। दिल्ली में दिल्लीवासियों की कथित सेवा को समर्पित आम आदमी पार्टी की सरकार है, और केंद्र में देश हित के लिए जीने–मरने का दावा करने वाली भाजपा सरकार है और तमाशा यह है कि दोनों ही पार्टियों के प्रतिनिधि दिल्ली के जल संकट के लिए एक दूसरे पर पूरी बेशर्मी से हल्ला बोल रहे हैं। जब दिल्ली के लोग पानी के लिए त्राहि त्राहि कर रहे हैं उस समय दो जिम्मेदार पार्टियों और उनकी सरकारों के इस रवैये को शर्मनाक ही कहा जा सकता है।कहने में कोई संकोच नहीं कि अगर वास्तविक समस्याओं के प्रति जिम्मेदारी राजनीतिक दलों को रुख इतना गैर–जिम्मेदार है, तो देश और इसकी राजधानी को आने वाले भयानक संकटों से कोई नहीं बचा पाएगा।

## ट्रेन हादसों से असामयिक मौत प्रियजनों को पीड़ा

अनिरुद्ध गौड़

पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में गत सोमवार को बड़ा रेल हादसा हो गया। अगरतला से सियालदह जा रही कंचनजंगा एक्सप्रेस को न्यू जलपाईगुड़ी रेलवे स्टेशन से 30 किमी. दूर रंगापानी स्टेशन के पास मालगाड़ी ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में 11 लोगों की मौत और करीब 50 लोगों से अधिक घायल हो गए। एक तरफ जहां देश में सुपर फास्ट वंदेभारत जैसी ट्रेन पटरी पर दौड़ रही हैं, रेल सेवाओं के आधुनिकीकरण, ऑटोमेशन में तेजी लाने की दिशा में काम किया जा रहा है, तो रेल भिड़ंत की घटनाएं रेल सेवाओं के प्रबंधन पर सवाल उठा रही हैं।

ट्रेन हादसों से जहां करोड़ों की आर्थिक क्षति होती है वहीं यात्रियों की असामयिक मौत प्रियजनों को सदैव के लिए पीड़ा दे जाती है। रेलवे सुरक्षा आयोग की 2022–23 रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार 2020–2021 में 2 गंभीर सहित कुल 22 दुर्घटनाएं, 2021–22 में 2 गंभीर सहित कुल 35 दुर्घटनाएं और 2022–23 में 4 गंभीर सहित 48 रेल दुर्घटनाएं हुई। इनमें रेलवे कर्मचारियों की गलती से 2021–22 में 15 और 2022–23 में 34 दुर्घटनाएं हुई जबकि पिछले 10 वर्ष में कुल 897 रेल दुर्घटनाएं हुई।

इनमें 87 गंभीर दुर्घटनाएं रहीं। हालांकि 2013–14 के बाद से रेल दुर्घटनाओं के ग्राफ में कमी का रुझान है। दुर्घटनाओं से रेलवे संपत्ति की क्षति की बात करें तो पिछले 10 वर्ष में रेलवे को 2015–16 में 64.46 करोड़ रुपये की सर्वाधिक क्षति हुई। 2020–21 ऐसा वर्ष रहा जिसमें सबसे कम 36 लाख क्षति रही जबकि 2021–22 में 3.15 करोड़ और 2022–23 में 55.81 करोड़ रुपये की क्षति हुई। इस घटना में रानीपतरा रेलवे स्टेशन और चत्तर हाट जंक्शन के बीच स्वचालित सिग्नल प्रणाली सुबह 5.50 बजे से खराब थी। सिग्नलिंग प्रणाली फेल होने पर स्टेशन मास्टर ने कंचनजंगा एक्सप्रेस और मालगाड़ी को श्टीए 912य लिखित अधिकार पत्र जारी कर लाल हुए सिग्नलों को पार करने की अनुमति दी थी।

एक ही ट्रैक पर जा रही मालगाड़ी ने लापरवाही के चलते कंचनजंगा एक्सप्रेस को पीछे से टक्कर मार दी। भीषण टक्कर से गार्ड डिब्बे के परखचे उड़ गए। पार्सल रैक का डिब्बा उछल कर मालगाड़ी के इंजन पर जा चढ़ा और कई डिब्बे पटरी से इधर–उधर छिटक गए। मालगाड़ी के लोको पायलट और कंचनजंगा एक्सप्रेस के गार्ड की मौत हो गई। रेलवे बोर्ड की चेयरमैन एवं सीईओ जया वर्मा सिन्हा का दावा है कि प्रथम दृष्टया जांच में सामने आ रहा है कि हादसा मानवीय चूक के कारण हुआ। लोको पायलट ने सिग्नल को तोड़ा जिससे मालगाड़ी की कंचनजंगा एक्सप्रेस से जोरदार टक्कर हुई।

हादसा कई प्रश्न खड़े कर रहा है कि आखिर, मालगाड़ी के लोको पायलट से यह चूक कैसे हुई? मालगाड़ी की स्पीड इतनी तेज क्यों रही? खराब सिग्नल क्यों जल्दी से ठीक नहीं हो सका? संचालन के बीच लापरवाही का क्या कारण रहा? जिस रेल सुरक्षा कवच का डंका बजाया जा रहा था वह इस ट्रैक पर अब तक क्यों नहीं लगा?दो जून, 2023 को ओडिशा के बालासोर में कोरोमंडल एक्सप्रेस सहित तीन टेनों की टक्कर लोग भूले नहीं हैं, जिसमें 296 की मौत और करीब एक हजार लोग घायल हुए थे। 29 अक्टूबर, 2023 को आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम–रायगड़ा पैसेंजर स्पेशल ट्रेन हादसे, विशाखापत्तनम–पलासा पैसेंजर टक्कर और 13 यात्रियों की मौत सहित 12 अक्टूबर, 2023 को बिहार के बक्सर में रघुनाथपुर स्टेशन के समीप पटरी से उतरी कामाख्या नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस हादसे में 4 की मौत और 75 घायल की घटनाओं से रेलवे ने शायद सीख नहीं ली है।

रेल हादसे न हों उसके लिए रेलवे करीब दो साल पहले सुरक्षा कवच सिस्टम लाई थी। लेकिन आत्मनिर्भर भारत योजना के तहत निर्मित रेलवे का यह कवच सिस्टम बेहद धीमी गति से रेलवे मागरे पर लगाया जा रहा है। भारत में कुल 68,083 किमी. रेल नेटवर्क है। आठ साल पहले फरवरी, 2016 में इस कवच सिस्टम का पहली बार यात्री ट्रेन में लगा कर ट्रायल किया गया था। अभी तक रेलवे 1465 किमी. ट्रेन रूट पर ही कवच सिस्टम लगा सकी है। दिल्ली–मुंबई और दिल्ली–हावड़ा रेलमार्ग पर 2951 किमी. में कवच सिस्टम लगाने का काम बाकी है जबकि 35,736 किमी. और रेलमार्ग पर कवच सिस्टम लगाने की मंजूरी मिली है। रेलवे बोर्ड चेयरमैन का कहना है दिल्ली–गुवाहाटी में कवच लगाना अगली योजना में है। उनका दावा है कि पूरे भारत के रेलवे ट्रैक पर मिशन मोड में धीरे–धीरे कवच लगाने की योजना है। इस पर भी सवाल है कि सुरक्षा के लिए यदि कवच लगाने का काम इसी तरह धीमी चाल से चलता रहा तो पूरे 68,083 किमी. रेलवे ट्रैक पर कवच लगाने में दशकों लग जाएंगे।

# उत्तर प्रदेश में राहुल तो अन्य राज्यों में अखिलेश तलाश रहे हैं संभावनाएं

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का कहना है कि राहुल गांधी के निर्णय से उत्तर प्रदेश कांग्रेस को बड़ी ताकत मिली है। प्रदेश कांग्रेस की मांग पर उन्होंने अपनी परंपरागत सीट को चुना है, जिससे पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में उत्साह है। लखनऊ। उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा सीट से राहुल गांधी की जीत के बाद यूपी में पार्टी के लिये नई संभावनाएं तलाश रहा कांग्रेस आलाकमान और गांधी परिवार एक बार फिर प्रदेश में विस्तार के लिये कमजोर हो चुके संगठन को नए सिरे से खड़ा करने का प्रयास कर रहा है। राहुल गांधी ने भले ही समाजवादी पार्टी के वोट बैंक के सहारे रायबरेली से जीत हासिल की हो, लेकिन वह अपनी जीत को इस तरह से प्रचारित कर रहे हैं जैसे यूपी की जनता कांग्रेस को फिर से बीजेपी के विकल्प के रूप में देखने लगी है। राहुल गांधी ने केरल की वायनाड सीट से त्यागपत्र देकर रायबरेली सीट का संसद में प्रतिनिधित्व करने का निर्णय कर कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार किया है, अब यह ऊर्जा कब तक बरकरार रहेगी कोई नहीं जानता है। इस बार समाजवादी पार्टी से हाथ मिलाकर चुनाव लड़ रही कांग्रेस को यूपी में 06 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल हुई थी। यूपी को लेकर राहुल गांधी की चपलता को आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए बड़े संदेश के रूप में देखा जा रहा है। साढ़े तीन दशक से उत्तर प्रदेश में अपनी खोए जनाधार को तलाश रही कांग्रेस को अबकी लोकसभा चुनाव के नतीजों से नई उम्मीद जागी है। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व की निगाह अब उत्तर प्रदेश पर सबसे अधिक है। बीजेपी ने आम चुनाव में काफी खराब प्रदर्शन किया था, इससे भी कांग्रेस में खुशी का माहौल है। बहरहाल, यह एक पहलू है। दूसरा पहलू यह है कि समाजवादी पार्टी ने यूपी में कांग्रेस को वह सब कुछ दे दिया है जिसकी उसे वर्षो से दरकार थी, लेकिन अब अखिलेश इसकी कीमत वसूलना चाहते हैं। अखिलेश भी कांग्रेस से इस बात की अपेक्षा कर रहे हैं कि वह भी यूपी में बाहर उन राज्यों में उसको हिस्सेदारी दे जहां जल्द विधानसभा चुनाव होने हैं। कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी को उसका हिस्सा नहीं दिया तो सपा प्रमुख अपनी साइकिल से कांग्रेस को उतारने में देरी नहीं करेंगे। सपा के सूत्र कह रहे हैं कि आम चुनाव के बाद यूपी में विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस–सपा का गठबंधन महाराष्ट्र और हरियाणा चुनाव पर निर्भर करेगा। अगर कांग्रेस इन दो राज्यों में सपा को सीट देने के लिए तैयार हुई, तभी सपा यूपी विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस के किसी दावे पर विचार करेगी। यूपी में शीघ्र ही विधानसभा की 10 रिक्त सीटों पर चुनाव होने हैं। इनमें से एक सीट सीसामऊ (कानपुर) से सपा विधायक इरफान सोलंकी को सजा होने से रिक्त हुई है, जबकि नौ विधानसभा सदस्य अब लोकसभा सांसद बन चुके हैं। सपा के चार विधायकों अखिलेश यादव, अवधेश प्रसाद, लालजी वर्मा और जियाउर रहमान बर्क की सीटें उनके लोकसभा सदस्य चुने जाने के बाद रिक्त हो गई हैं। अखिलेश वर्ष 2019 का विधानसभा चुनाव करहल, अवधेश प्रसाद मिल्कीपुर, लालजी वर्मा कटेहरी और जियाउर रहमान कुंदरकी से जीते थे। खैर से भाजपा विधायक अनूप प्रधान वाल्मीकि, गाजियाबाद से अतुल गर्ग और फूलपुर से भाजपा विधायक प्रवीण पटेल के भी लोकसभा सदस्य चुने जाने से अब यह स्थान खाली हो गए हैं। मझवा (मिर्जापुर) से निषाद पार्टी के विधायक विनोद कुमार बिंद और मीरापुर से रालोद के विधायक चंदन चौहान भी अब सांसद हो गए हैं। इस तरह से शीघ्र ही चुनाव आयोग इन 10 रिक्त सीटों पर चुनाव कराएगा। कांग्रेस इंडिया गठबंधन के तहत सपा से विधानसभा उपचुनाव में भी साझेदारी चाह रही है। बताते चलें कांग्रेस और सपा के बीच ऐसा ही मनमुटाव लोकसभा चुनाव से पहले हुए मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में सपा को सीट न दिए जाने से दोनों दलों के बीच देखने को मिला था।। इस साल अक्टूबर में महाराष्ट्र और हरियाणा में विधानसभा चुनाव होने हैं। वहीं 2025 में पश्चिम बंगाल, दिल्ली और बिहार में विधान सभा चुनाव होने हैं। सपा के अंदरखाने



चर्चा है कि कि अगर कांग्रेस महाराष्ट्र और हरियाणा में उनकी पार्टी को कुछ सीटें देने पर रजामंद हुई, तभी यूपी के उपचुनाव में कांग्रेस को कोई सीट देने पर विचार किया जा सकता है। महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी की ठीकठाक पकड़ है। 2019 के विधानसभा चुनाव में यहां से सपा के दो विधायक जीते थे। इससे पहले भी सपा वहां चुनाव जीतती रही है। इसी आधार पर सपा ने महाराष्ट्र में दावा करने का फैसला किया है। वहीं, हरियाणा की 20 सीटों पर मुस्लिम–यादव समीकरण प्रभावी हैं, जिसे सपा अपने पक्ष में मानती है। इस बारे में सपा के प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी का कहना है कि यूपी में सपा और कांग्रेस के बीच गठबंधन है, लेकिन उपचुनाव में सीटों के मामले में कोई भी निर्णय समय आने पर सपा नेतृत्व ही लेगा। उधर, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का कहना है कि राहुल गांधी के निर्णय से उत्तर प्रदेश कांग्रेस को बड़ी ताकत मिली है। प्रदेश कांग्रेस की मांग पर उन्होंने अपनी परंपरागत सीट को चुना है, जिससे पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में उत्साह है। प्रदेश में संगठन को बूथ स्तर पर खड़ा करने के प्रयास निरंतर किए जा रहे हैं। पार्टी अभियान के तहत इसमें जुटी है और वरिष्ठ पदाधिकारियों को अलग–अलग जिम्मेदारी सौंपी जा रही हैं। हर जिले में नए कार्यकर्ताओं को जोड़ा जा रहा है। पार्टी मुख्यालय में राहुल गांधी का जन्मदिन मनाए जाने के साथ ही सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर विशेष आयोजन किए गये है। कांग्रेसी निराश्रित महिलाओं के बीच जाकर खुशियां बांटेंगे।सूत्र बताते हैं कि लोकसभा चुनाव में अमेठी व रायबरेली समेत छह सीटों पर कांग्रेस की जीत के बाद प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय व प्रदेश अध्यक्ष के लिए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की चुनौती भी और बढ़ गई है। पार्टी के निष्क्रिय चेहरों को चिह्नित कर हटाने की तैयारी भी है। माना जा रहा है कि उत्तर प्रदेश में राहुल गांधी की सक्रियता अब और बढ़ेगी। जिसके बाद प्रदेश कार्यकारिणी में कुछ नए चेहरे भी शामिल हो सकते हैं। इसके साथ ही कांग्रेस की सहयोगी दलों के साथ प्रस्तावित धन्यवाद यात्रा में भी राहुल गांधी की अधिक सक्रियता होने की उम्मीद जताई जा रही है। कुल मिलाकर रायबरेली और समाजवादी पार्टी की अपनी–अपनी सियासी महत्वाकांक्षा के चलते दोनों दलों के बीच की दूरियां धीरे–धीरे बढ़ती नजर आ रही हैं। समाजवादी पार्टी को चिंता इस बात की भी है कि यदि कांग्रेस ने यूपी में फिर से जड़े जमा ली तो समाजवादी पार्टी को इसका दीर्घकालीन खामियाजा भुगतना

# मंत्रिमंडल में अनुभवी व्यक्ति समाधान कर लेंगे

अवधेश कुमार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 72 सदस्यीय मंत्रिमंडल के बारे में यह टिप्पणी उचित नहीं लगती कि इसके पीछे गठबंधन दलों के साथियों का बहुत ज्यादा दबाव है।72 सदस्यीय मंत्रिमंडल में शीर्ष स्तर पर कोई बदलाव नहीं हुआ है। गृह मंत्री, रक्षा मंत्री, वित्त मंत्री, विदेश मंत्री और यहां तक कि सड़क परिवहन, रेल तथा शिक्षा मंत्री भी पूर्व सरकार के ही हैं। विरोधी मोदी को तानाशाह या लोकतंत्र विरोधी की उपाधि देते रहे हैं। उनकी आलोचना अभी भी जारी है और वे कह रहे हैं कि मोदी गठबंधन सरकार नहीं चला पाएंगे क्योंकि उनका स्वभाव ही गैर लोकतांत्रिक है। इस तरह की विरोधी आलोचनाओं पर टिप्पणी करने की जगह हमें समय की प्रतीक्षा करनी चाहिए।

यह बात सही है कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2001 से अभी तक मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में कभी बहुमतविहीन सरकार नहीं चलाया। वह जिस तरह बड़े कठोर निर्णय साहस के साथ करते रहे हैं उनका ध्यान करते हुए अनेक लोगों का मानना है कि यह स्वभाव गठबंधन सरकार चलाने के रास्ते की बाधा बन जाएगा। गठबंधन सरकार को लेकर लोग आशंकाएं उठाएंगे, लेकिन मोदी के अंदर सरकार चलाने तथा काम करने की इच्छा है।वैसे मंत्रिमंडल गठन से लेकर विभागों के बंटवारे तक यह कहना कठिन है कि प्रधानमंत्री दबाव में काम कर रहे हैं। थोड़े शब्दों में कहें तो मोदी का 72 सदस्यीय मंत्रिमंडल भारत के भविष्य को लेकर उनकी योजनाओं, राजनीतिक आवश्यकताओं, साथी दलों के बीच संतुलन बनाने के साथ अनुभव, उम्र आदि के बीच समन्वय बनाने की कोशिश है। पिछली सरकार के 37 मंत्री इसमें हैं। भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की स्वास्थ्य मंत्री के रूप में वापसी हुई है। सहयोगी दलों में हिंदुस्तान आवाम मोर्चा ( हम ) के नेता और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री 78 वर्षीय जीतन राम मांझी, जद (यू) के राजीव रंजन सिंह, तेलुगू देशम के 36 वर्षीय के राममोहन नायडू, लोजपा के 41 वर्षीय चिराग पासवान और 37 साल की रक्षा खड्से जैसी सरकार की सबसे युवा मंत्री को आधार बनाएं तो कैबिनेट का चेहरा आपकी समझ में आ जाएगा। पिछली सरकार में केवल तीन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार के थे।

इस बार इनकी संख्या 5 हो गई है। इनमें हरियाणा से रविंदरजीत सिंह, जम्मू–कश्मीर से जितेंद्र सिंह और राजस्थान से अर्जुन राम मेघवाल की स्थिति पिछले सरकार के समान है। उत्तर प्रदेश से रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी को स्वतंत्र प्रभार के साथ राज्यमंत्री बनाया गया है। पिछली बार 29 राज्य मंत्री थे, इस बार 36 हैं। मंत्रिमंडल में पांच पूर्व मुख्यमंत्री हैं। 33 मंत्री पहली बार केंद्र सरकार का हिस्सा बने हैं जिनमें सात सहयोगी दलों के हैं। इससे आगे सामाजिक संतुलन की दृष्टि से देखें तो पिछड़ी जातियों के 27, अनुसूचित जाति के 10, अनुसूचित जनजाति के पांच और अल्पसंख्यक समुदाय के पांच मंत्री बनाए गए हैं। इस तरह पिछड़ा, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अल्पसंख्यक समुदाय के 47 मंत्री हुए। देशव्यापी प्रतिनिधित्व की दृष्टि से देखें तो इनमें 24 राज्यों का प्रतिनिधित्व है। पंजाब से भाजपा का कोई सांसद नहीं है, लेकिन रवनीत सिंह बिट्टू को राज्य मंत्री बनाया गया है। उत्तर प्रदेश के परिणाम को देखते हुए माना जा रहा था कि वहां से कम मंत्री होंगे, लेकिन 10 मंत्री बनाए गए हैं और बिहार से आठ। सात महिलाएं हैं। केरल में भाजपा की पहली बार विजई हुई है इसलिए सुरेश गोपी को मंत्री पद मिलना ही था। दूसरे नेता केरल भाजपा के महासचिव जॉर्ज कोरियन हैं जिन्होंने 1970 में जनसंघ से लेकर लगातार भाजपा के लिए संघर्ष किया था। बंगाल से दो लोक सभा सदस्यों डॉ. सुकांत मजूमदार और मतुआ समुदाय के शांतनु ठाकुर को राज्य मंत्री के रूप में शामिल किया गया है। सुकांत उत्तरी बंगाल से हैं तो शांतनु ठाकुर दक्षिण बंगाल के मतुआ समुदाय से हैं जो अनुसूचित जाति वर्ग में आते हैं। भाजपा ने उत्तर बंगाल की आठ में से 5 सीट पर जीत दर्ज की है। शांतनु ठाकुर कोलकाता से सटे उत्तर 24 परगना जिले में बनगांव सीट से जीते तो सुकांत उत्तर बंगाल की बालूरघाट सीट से। बंगाल में यदि बेहतर विजय मिली होती तो वहां से और मंत्री बनाए जाते। इस तरह कोई नहीं कह सकता कि यह मंत्रिमंडल कुछ क्षेत्र, समूह, कुछ जातियां या परिवारों तक सीमित है। इन सबको एक साथ मिलाकर देखें तो पहले निष्कर्ष आएगा कि यह नीतियों और व्यवहार में निरंतरता का मंत्रिमंडल है। सीसीएस यानी सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति में प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 2019 से हैं। इसलिए नीति में कोई बदलाव होगा ऐसा मानने का कोई कारण नहीं है। निश्चित रूप से विश्व की दृष्टि मंत्रिमंडल पर रही होगी और संदेश जा चुका है कि रक्षा, सुरक्षा, विदेश, वित्त सहित अन्य प्रमुख मामलों में नीतियां और व्यवहार स्थिर रहने वालीं हैं। एक पार्टी की बहुमत तथा गठबंधन की सरकार के कार्य व्यवहारों में अंतर रहा है। देश का आर्थिक विकास, सड़कों का विस्तार, अंतरिक्ष सुरक्षा तथा रक्षा के मामले में सक्षमता और आत्मनिर्भरता का विरोध कौन पार्टी करेगा? जिन्हें विवादास्पद कहा जा रहा है उनमें सर्वोपरि समान नागरिक संहिता है जो भाजपा के चुनावी वादों में शामिल है। इस संदर्भ में मोदी सरकार के कदमों को लेकर दृष्टि रखनी होगी। हालांकि जद (यू) ने इसका विरोध नहीं किया केवल ठीक प्रकार से विचार कर लाने की बात की थी। भाजपा को बहुमत होता तो समान नागरिक संहिता को संसद के पटल पर लाने और पारित करने में समस्या नहीं होती। क्या मोदी सरकार इस विषय को कुछ समय के लिए एजेंडा से बाहर रखेगी? अगर गठबंधन से 72 में केवल 11 मंत्री हैं तो इसे दबाव में आना तो नहीं कह सकते। वैसे भी मंत्रिमंडल में इतने अनुभवी व्यक्ति हैं कि कोई मतभेद या सहमति उभरने पर अपने अनुभव के आधार पर वह समाधान कर लेंगे। इतने अनुभवी नेताओं के रहते हुए तत्काल यह नहीं मानना चाहिए कि प्रधानमंत्री मोदी की अगले 5 वर्षो में विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था तथा 2047 तक विश्व की आर्थिक महाशक्ति बनाने जैसे लक्ष्य के मार्ग में मंत्रिमंडल आपसी मतभेद के कारण बाधा बन जाएगा।

## महर्षि पतंजलि ने योग की जटिलताओं को एक सूत्र में पिरोया जिसे हम पतंजलि योगसूत्र के नाम से जानते है

योग एक अति प्राचीन कला है जिसकी उत्पत्ति भारत में लगभग 6000 साल पहले हुई थी।योग शब्द की उत्पत्ति संस्कृत के युज धातु से हुई है, जिसके दो अर्थ हैं दृ एक अर्थ हैय जोड़ना और दूसरा अर्थ है दृ अनुशासन। ऐसा माना जाता है कि योग की उत्पति ब्रह्माण्ड में मानव जीवन की उत्पत्ति के पूर्व हुई है।योग का जन्म धर्म एवं आस्था के जन्म से पूर्व हुआ है क्योंकि सर्वप्रथम योग गुरु भगवान शिव को माना जाता है। भगवान शिव को आदियोगी भी कहते हैं।कई हजार वर्ष पहले, हिमालय में कांति सरोवर झील के तटों पर आदि योगी ने अपने प्रबुद्ध ज्ञान को अपने प्रसिद्ध सप्?तऋषि को प्रदान किया था। सप्तऋषियों ने योग को पूरे विश्व में यथारूप में फैलाया। महर्षि अगस्त ने विशेष रूप से भारतीय उपमहाद्वीप का दौरा कर इस महाद्वीप में योग संस्कृति की उत्पत्ति की आधारशिला रखी। सिंधु घाटी सभ्यता में कई मूर्तियां और जीवाश्मों के अध्ययन से यह सिद्ध होता है कि योग सिंधु घाटी सभ्यता के लोगो के जीवनशैली का महत्वपूर्ण अंग था।हिन्दू ,बौद्ध और जैन समाज की प्राचीन परंपराओं , दर्शन शास्त्रों,वेदों, उपनिषद्, रामायण, महाभारत एवं पवित्र श्रीमद् भगवत गीता में योग का उल्लेख भारत में योग के प्राचीन काल से विद्यमान होने के प्रयाप्त साक्ष्य प्रस्तुत करते हैं।प्राचीन काल में योग करने के काफी कठिन नियम होते थे। सामान्यतरू लोग गृहस्तजीवन त्याग कर वनो में कठिन योग क्रियाएं करते थे ।परंतु समय के साथ ही योग की जटिलताओं को अनेक ऋषियों ने सामान्य करने का प्रयास किया है।परंतु महर्षि पतंजलि इस क्रम में एक अलग ही ख्याति अर्जित करने में सफल हुए क्योंकि महर्षि पतंजलि ने योग की जटिलताओं को एक सूत्र में पिरोया जिसे हम पतंजलि योगसूत्र के नाम से जानते है। वर्तमान काल में भी पतंजलि योगसूत्र से व्यक्ति सामान्यतरू परिचित है। इस सूत्र को अष्टांग योग के नाम से भी जानते है जो कि यम,नियम,आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा,ध्यान , समाधि से मिलकर बना है।

## आज का राशिफल

मेष राशि आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियां लाने वाला है। आज जरूरी काम से आपकी यात्रा होगी। संतान की सफलता आपको खुश करेगी, लोग आपको बधाई देनें आपके घर आएंगे। आज घर पर छोटी पार्टी का आयोजन कर सकते हैं, जिससे घर में लोगों का अच्छा मनोरंजन होगा। आज आपकी किस्मत चमकेगी क्योंकि व्यापार में सफलता के योग हैं। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

वृष राशिरू आज आपके दिन की शुरुआत आपके अनुकूल होने वाली है। आज आप वर्किंग प्लेस पर खूब मेहनत करेंगे। अपनी उपलब्धियों पर गर्व महसूस होगा। आज आपको कई जिम्मेदारियां मिल सकती है, जिन्हें आप अच्छी तरह से निभाएंगे। इस राशि के मनोरंजन उद्योग से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन फायदेमंद होगा।

मिथुन राशिरू आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपका सोचा हुआ काम, आज पूरा हो जाएगा। बिजनेस साझेदार के साथ किए गए कामों से आज आपको फायदा होगा। साथ ही खुले मन से काम करने पर अच्छे लोग आपसे जुड़ने की कोशिश करेंगे। इस राशि के प्रॉपर्टी डीलर के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा।

कर्क राशिरू आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज मेहनत का परिणाम आपके फेवर में होगा, बस आप मेहनत पर कंसन्ट्रेट करें। किसी काम में अपनों की मदद मिलने से।. आपका उत्साह बढ़ेगा। आज जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान बनायेंगे, आपके रिश्तें में मजबूती आएगी। समाज में आपके सराहनीय काम का सम्मान किया जाएगा।

सिंह राशिरू आज आपका दिन जीवन में एक नई दिशा लेकर आयेगा। आज कोई इम्पोर्टेन्ट काम सहयोगियों की मदद से पूरा हो जाएगा। आज आप किसी बात को लेकर नेतृत्व करेंगे जिसमें अन्य लोगों का भी सहयोग रहेगा। साथ ही किसी इम्पोर्टेंट टॉपिक पर बातचीत भी होगी, आपको अपनी बात कहने का मौका मिलेगा।

कन्या राशिरू आज आपका दिन बहुत बढ़िया रहने वाला हैं। आपको किसी मल्टीनेशनल कंपनी से जॉब का ऑफर आएगा, जिससे आप कॉन्फिडेंस फील करेंगे। किसी जरूरी काम पर आज विचार करने का पूरा मौका मिलेगा।.समय का पूरा सदुपयोग करें। आज दूसरों को जितना ज्यादा महत्व देंगे, आपको भी उतना ही महत्व मिलेगा। आज आप कोई क्रिएटिव वर्क करेंगे।

तुला राशिरू आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी होने वाली है। आज अधिकारी वर्ग का सहयोग पाने में आसानी होगी, बिगड़ते काम बनेंगे। आज आप अपने बच्चों के किसी अच्छी जगह घूमने जाएंगे। बच्चों के प्रति आपका प्रेम।

वृश्चिक राशिरू आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आज किसी धार्मिक स्थल पर जाएंगे, जहां आप जरूरतमंद लोगों की मदद भी करेंगे। हर काम को धैर्य और समझदारी से पूरा करने की कोशिश करेंगे, आपका काम सफल होगा।

धनु राशिरू आज आप अपने दिन की शुरुआत शांत मन से करेंगे। आज आप अपने खास रिश्तेदार के पास जाएंगे। आज आपको सरकारी क्षेत्र से लाभ होने की संभावना हैं। किसी मल्टीनेशनल कंपनी से जॉब के लिए कॉल आयेगी।

मकर राशिरू आज आपका दिन मिला–जुला रहेगा। आज किसी पुराने दोस्त से मिलने उसके घर जाएंगे, पुरानी यादें ताजा होगी। आज यात्रा करने से बचने की कोशिश करें।

कुंभ राशिरू आज आप का दिन नई उमंगों के साथ शुरू होने वाला है। इस राशि के जो लोग बेकरी का बिजनेस करते हैं, उन्हें आज उम्मीद से ज्यादा लाभ होगा, जिससे आर्थिक स्थिति बेहतर बनी रहेगी। कला व साहित्य के लोगों के लिए भी आज का दिन बढ़िया रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स अपने करियर को लेकर चिंतित होंगे।. बेहतर हैं अपने गुरु से परामर्श लें।

मीन राशिरू आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। आज पैसों के मामले में उन्नति के नए रास्ते खुलेंगे। आज आप उन चीजों को ज्यादा महत्व दे जो आपके लिए ज्यादा महत्तवपूर्ण है। साथ ही आपको अपने काम, परिवार, और दोस्तों के बीच संतुलन बना कर रखना चाहिए। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर है, कम्प्यूटर से रिलेटेड कोर्स ज्वॉइन कर सकते हैं।

# मिर्जापुर 3 का ट्रेलर हुआ रिलीज, कुर्सी की लड़ाई का खूनी खेल, पंकज त्रिपाठी ने चंद सेकंड में उड़ाया गर्दा

पकंज त्रिपाठी की फेमस वेब सीरीज मिर्जापुर 3 का फैंस लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं. सीरीज 5 जुलाई को अमेजन प्राइम पर स्ट्रीम होगी. अब सीरीज के तीसरे सीजन का ट्रेलर रिलीज हो गया है. फैंस मिर्जापुर 3 के ट्रेलर को काफी पसंद कर रहे हैं. इस बार भी शो में मिर्जापुर की कुर्सी को लेकर जंग देखने को मिलेगी.



मिर्जापुर 3 का ट्रेलर जबरदस्त है. फैंस इसे काफी पसंद कर रहे हैं. पूरे ट्रेलर में पंकज त्रिपाठी अखिरी के चंद सेकंड में नजर आते हैं और भौकाल मचा देते हैं. उनकी एंट्री बिल्कुल पुरानी वाली वाइब देती है. फैंस उन्हें और उनकी आवाज को काफी पसंद कर रहे हैं. ट्रेलर में जबरदस्त डायलॉग है.

अली फजल इस बार और खूंखार अवतार में नजर आने वाले हैं. इस बार ईशा तलवार और अंजुम शर्मा का किरदार और भी ज्यादा मजबूत नजर आएगा. वहीं रसिका दुग्गल का किरदार भी शो की कहानी में काफी ट्विस्ट एंड टर्न लाने वाला है. मिर्जापुर में खेल आज भी वही है, बस मोहरे बदल गए हैं. शो की कहानी में आगे क्या होता है ये देखना काफी मजेदार होगा.बता दें कि मिर्जापुर के दोनों सीजन को फैंस ने खूब प्यार दिया है. शो में दिव्येन्दु शर्मा अहम रोल में थे. उनके कैरेक्टर मुन्ना भैया को फैंस ने भर–भरकर प्यार दिया था. लेकिन अब तीसरे सीजन में दिव्येन्दु शर्मा नजर नहीं आएंगे. दरअसल, दूसरे सीजन के आखिर में गुड्डू भैया और गोलू मुन्ना भैया को मारकर अपना बदला लेते हैं. फैंस शो में उन्हें बहुत मिस करने वाले हैं. बता दें कि सीरीज में पकंज त्रिपाठी कालीन भैया के रोल में हैं. कालीन भैया मिर्जापुर के किंग हैं. हालांकि, वो अपनी कुर्सी बेटे मुन्ना को दे रहे थे. लेकिन मुन्ना की अब मौत हो चुकी है. मिर्जापुर की कुर्सी पर हर कोई आंख लगाए बैठा है. देखना मजेदार होगा कि आखिर सत्ता किसके हाथ में होगी.शो की कास्ट की बात करें तो इसमें पंकज त्रिपाठी के अलावा अली फजल, रसिका दुग्गल, शीबा चड्ढा, राजेश तैलंग, विजय वर्मा, श्वेता त्रिपाठी, ईशा तलवार और अंजुम शर्मा जैसे स्टार्स हैं सभी एक्टर्स की अपनी स्ट्रॅान्ग रीच है. शो के पहले और दूसरे सीजन में पहले विक्रांत मैसी, श्रिया पिलगांवकर और कुलभूषण खरबंदा जैसे स्टार्स भी नजर आए. हालांकि, शो में उनके कैरेक्टर्स की मौत हो गई.

# विजय वर्मा स्टारर मटका किंग की शूटिंग शुरू, जारी हुआ नया पोस्टर

इन दिनों विजय वर्मा स्टारर क्राइम थ्रिलर मटका किंग की काफी चर्चा है। फैंस इस सीरीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस बीच मेकर्स ने एक बड़ा अपडेट जारी किया है। मेकर्स ने एक्टर का नया पोस्टर शेयर करते हुए बताया कि सीरीज की शूटिंग शुरू हो चुकी है।

पोस्टर में विजय 90 के दशक के अवतार में नजर आ रहे हैं। उन्होंने व्हाइट शर्ट पहनी हुई है, और ताश के साथ खेलते हुए दिख रहे हैं।

पोस्टर को शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, शर्त लगाने के लिए तैयार! मटका किंग जल्द ही, लेकिन अभी शूटिंग शुरू।

मटका किंग की कहानी 1960 के दशक की है, जिसमें एक कपास व्यापारी मटका नामक एक नया जुआ खेल शुरू करता है। यह खेल शहर में तूफान मचा देता है। यह खेल पहले सिर्फ अमीरों




और अभिजात वर्ग के लिए आरक्षित था, लेकिन अब हर वर्ग के लोग जुड़ जाते हैं।

इस सीरीज में कृतिका कामरा, सई ताम्हणकर, गुलशन ग्रोवर और सिद्धार्थ जाधव जैसे कलाकार शामिल हैं।रॉय कपूर फिल्म्स के बैनर तले सिद्धार्थ रॉय कपूर और नागराज मंजुले के साथ गार्गी कुलकर्णी, आशीष आर्यन और अश्विनी सिद्वानी द्वारा निर्मित इस सीरीज का निर्देशन नागराज ने किया है और मंजुले के साथ अभय कोराननने ने इसे लिखा है।

इस सीरीज को प्राइम वीडियो पर रिलीज किया जाएगा।

वर्कफ्रंट की बात करें तो विजय को पिछली बार स्ट्रीमिंग मिस्ट्री थ्रिलर फिल्म मर्डर मुबारक में देखा गया था। इसमें पंकज त्रिपाठी और सारा अली खान लीड रोल में थे वह जल्द ही फिल्म सूर्या43 और उल जलूल इश्क में नजर आएंगे।

## सूर्या 44 से जुड़ीं पूजा हेगड़े, अभिनेता जयराम ने भी कार्तिक की फिल्म के लिए कसी कमर

अभिनेत्री पूजा हेगड़े के पास एक रोमांचक नया प्रोजेक्ट है। अभिनेत्री को निर्देशक कार्तिक सुब्बाराज की नई फिल्म सूर्या 44 के लिए चुना गया है। एक्स पर जाते हुए, कार्तिक ने पारंपरिक सोने के आभूषणों के साथ साड़ी पहने पूजा की तस्वीर साझा करके इसकी आधि ाकारिक घोषणा की। आगामी फिल्म में पूजा अभिनेता सूर्या के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगी।

मुख्य अभिनेत्री पूजा हेगड़े का स्वागत करते हुए कार्तिक सुब्बाराज



ने एक्स पर लिखा, सूर्या 44 के लिए पूजा हेगड़े का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। फिल्म में आपका स्वागत है। पोस्टर में पूजा पारंपरिक पोशाक में नजर आ रही हैं। मुगामुडी और बीस्ट के बाद यह पूजा हेगड़े की तीसरी तमिल फिल्म है। इस बीच, मलयालम अभिनेता जयराम का एक पोस्ट के साथ स्वागत किया गया जिसमें लिखा था, एक व्यक्ति जो बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं, जो अपनी परफॉर्मेंस में जान डाल देते हैं। जयराम आपका सूर्या 44 की टीम में स्वागत है। पोस्टर में जयराम चश्मा लगाए बेहद गंभीर नजर आ रहे हैं। पूजा और जयराम के सूर्या 44 से जुड़ने की खबर ने फैंस के उत्साह को और ज्यादा बढ़ा दिया है।कार्तिक ने घोषणा की कि सूर्या 44 का पहला शेड्यूल पोर्ट ब्लेयर, अंडमान में शुरू हो रहा है। इससे पहले आज, जयराम और मुख्य अभिनेता सूर्या को पोर्ट ब्लेयर हवाई अड्डे पर देखा गया, जिससे पुष्टि हुई कि जयराम पहले शेड्यूल का हिस्सा होंगे और फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# बाक्स आफिस पर फिल्म मुंज्या की पकड़ बरकरार, 65 करोड़ का आंकड़ा किया पार



मोना सिंह, अभय सिंह और शरवरी वाघ जैसे सितारों की उम्दा अदाकारी से सजी फिल्म मुंज्या को 7 जून को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था।यह फिल्म शुरुआत से बॉक्स ऑफिस और दर्शकों के दिलों पर राज कर रही है।महज 13 दिन में मुंज्या ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 65 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है।आइए जानते हैं 13वें दिन फिल्म के खाते में कितने करोड़ रुपये आए। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक श्मुंज्याष् की कमाई की बात करें तो फिल्म ने 4 करोड़ से खाता खोला था और इसके पहले हफ्ते का कलेक्शन 35.3 करोड़ रुपये रहा. वहीं अब ये फिल्म रिलीज के दूसरे हफ्ते में है और इसने दूसरे शुक्रवार 3.5 करोड़, दूसरे शनिवार 6.5 करोड़, दूसरे रविवार 8.5 करोड़, दूसरे सोमवार 5.25 करोड़ और दूसरे मंगलवार 3.4 करोड़ का कलेक्शन किया. वहीं अब श्मुंज्याष्की कमाई के 13वें दिन यानी दूसरे बुधवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं. सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक श्मुंज्याष् ने रिलीज के 13वें दिन यानी दूसरे बुधवार 2.85 करोड की कमाई की है. इसी के साथ श्मुंज्याष् का 13 दिनों का कुल कलेक्शन अब 65.30 करोड़ रुपये हो गया है.

मुंज्या में वरुण धवन ने मेहमान की भूमिका निभाई है। हॉरर के साथ कॉमेडी के तड़के से भरपूर इस फिल्म का निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है।दिनेश विजान इसके निर्माता हैं। रूही और स्त्री के बाद यह दिनेश की तीसरी हॉरर–कॉमेडी फिल्म है। श्मुंज्याष् बॉक्स ऑफिस पर बेहद सक्सेफुल साबित हुई है. फिल्म की कमाई की रफ्तार थमने का नाम नही ले रही है. श्मुंज्याष् ने रिलीज के महज 13 दिनों में 65 करोड़ से ज्यादा कलेक्शन कर लिया है. अब कामयाबी के रथ पर सवार ये फिल्म 100 करोड़ के क्लब में एंट्री करने की ओर तेजी से बढ़ रही है. अब देखने वाली बात होगी कि क्या श्मुंज्याष् इस माइल स्टोन को पार कर पाती है या नहीं.

## बक्स अफिस पर छाई चंदू चौंपियन, 6 दिनों में 30 करोड़ के पार हुई फिल्म

कार्तिक आर्यन की फिल्म चंदू चौंपियन को सिनेमाघरों मे रिलीज का एक सप्ताह पूरा होने जा रहा है, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी है।वीकेंड पर बढ़िया कारोबार करने के बाद कामकाजी दिनों में चंदू चौंपियन की दैनिक कमाई में भारी गिरावट दर्ज की जा रही है।यह बॉक्स ऑफिस पर धीमी रफ्तार से आगे बढ़ रही है।आइए जानते हैं चंदू चौंपियन ने छठे दिन कितने करोड़ रुपये कमाए हैं।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, चंदू चौंपियन ने अपनी रिलीज के छठे दिन



यानी बुधवार को 3 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 32.75 करोड़ रुपये हो गया है।यह फिल्म देश देश के पहले पैरालिंपिक स्वर्ण जीतने वाले मुरलीकांत पेटकर के जीवन पर आधारित है।फिल्म की कहानी और कार्तिक की अदाकारी लोगों को पसंद आ रही है, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह कुछ खास कमाल नही दिखा पा रही। कबीर खान ने चंदू चौंपियन का निर्देशन किया है। उन्हें एक था टाइगर, बजरंगी भाईजान और 83 जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है।साजिद नाडियाडवाला ने इस फिल्म के प्रोडक्शन का जिम्मा संभाला है। राजपाल यादव, विजय राज और भुवन अरोड़ा भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, चंदू चौंपियन सिनेमाघरों के बाद अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक दे सकती है। फिलहाल इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।

## कैटरीना ने चंदू चौंपियन के पोस्टर के साथ लिखा कबीर को फिल्म बहुत पसंद आई,

कार्तिक आर्यन अपनी हालिया फिल्म चंदू चौंपियन की रिलीज के बाद से ही प्रशंसकों और फिल्मी हस्तियों से प्रशंसा बटोर रहे हैं। फिल्म देखने और इसे पसंद करने वाली हस्तियों की सूची में नवीनतम नाम कैटरीना कैफ का है। कार्तिक आर्यन अपनी हालिया फिल्म चंदू चौंपियन की रिलीज के बाद से ही प्रशंसकों और फिल्मी हस्तियों से प्रशंसा बटोर रहे हैं। फिल्म देखने और इसे पसंद करने वाली हस्तियों की सूची में नवीनतम नाम कैटरीना कैफ का है श्वेलकमश की अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर चंदू चौंपियन के निर्देशक कबीर खान और फिल्म के मुख्य अभिनेता की श्शानदार अभिनयश के लिए प्रशंसा की। उन्होंने कबीर को खूबसूरत कहानीकार भी कहा। कैटरीना ने चंदू चौंपियन के पोस्टर के साथ लिखा श्कबीर को फिल्म बहुत पसंद आई, आप एक बेहतरीन कहानीकार हैं, आपने एक अविश्वसनीय प्रेरणादायक कहानी को जीवंत कर दिया, यह कहानी देखकर बहुत भावुक हो गई और आपने इस फिल्म को कितनी खूबसूरती से बनाया है, और फिल्म की समीक्षा में लिखा, श्इस स्पोर्ट्स बायोपिक में कार्तिक आर्यन और कबीर खान ने मुरलीकांत पेटकर की कहानी पेश की है, जो काफी संघर्ष के बाद अपनी मंजिल तक पहुंचे हैं नाडियाडवाला ग्रैंडसन्स द्वारा निर्मित यह फिल्म आपको 1970 के दशक की उस समयरेखा में ले जाएगी, जब मुरलीकांत पेटकर आखिरकार पैरालंपिक चौंपियन बनने की अपनी मंजिल तक पहुंचे थे।बॉक्स ऑफिस के अलावा, प्डक्इ पर भी चंदू चौंपियन का जादू देखने को मिल रहा है। कार्तिक आर्यन अभिनीत यह फिल्म इस तिमाही में सबसे ज्यादा रेटिंग (8.9) पाने वाली फिल्म बन गई है एक तरफ फिल्म को मिल रही रेटिंग और दूसरी तरफ वर्ड ऑफ माउथ के फायदे से यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर भी सफलता के झंडे गाड़ती नजर आ रही है। ज्यादातर लोगों को गर्मी के महीनों में माथे पर छोटा–छोटे चकत्ते होने लगते हैं, जो असल में मुंहासे होते हैं। आमतौर पर ये मुंहासें तैलीय त्वचा की वजह से होते हैं, लेकिन इनके पीछे अन्य कारण भी हो सकते हैं।तनाव, पसीना निकलने, मसालेदार खाना खाने और गलत उत्पादन इस्तेमाल करने से भी माथे पर दाने निकल सकते हैं।आप त्वचा की देखभाल करने के लिए और इन मुंहासों को ठीक करने के लिए ये असरदार टिप्स अपना सकते हैं। सिर में तेल न लगाएं बालों पर लगाने वाले तेलों में भारी मात्रा में कॉमेडोजेनिक तत्व होते हैं। ये रोमछिद्रों को बंद करते हैं और तैलीयपन को बढ़ा देते हैं, जिससे माथे पर मुंहासें होने लगते हैं।डॉक्टर सलाह देते हैं की बालों में तेल लगाने के बाद उसे 2 घंटे रुककर धो लेना चाहिए। साथ ही आप हल्के नॉन–कॉमेडोजेनिक तेलों का चयन करें और उन्हें माथे के आसपास लगाने से बचें।

# शश्वर्ट ड्रेस पहन अनन्या पांडे ने गिराईं हुस्न की बिजलियां, फोटोज देख फैंस हुए मदहोश

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे हमेशा अपने स्टनिंग लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों मे वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान समर लुक शेयर किया है, जिसमें उनका कूल लुक फैंस के बीच कहर ढा रहा है।एक्ट्रेस अनन्या पांडे आए दिन अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर चर्चाओं में रहती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं।इन तस्वीरों में उनका हॉट समर लुक फैंस के बीचकाफी ज्यादा ट्रेंड कर रहा है। अनन्या पांडे ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान शॉर्ट ड्रेस पहनी हुई है।फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अनन्या पांडे कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक किलर



लुक में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।अनन्या पांडे जब भी अपनी फोटो इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। फैंस भी उनकी फोटोज की तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं।एक्ट्रेस की इन फोटोज पर भी लोग कॉमेंट्स करते हुए हॉट, ब्यूटिफुल, अमेजिंग, सो ग्लैमरस, बेहद खूबसूरत, एलिगेंट लुक लिख रहे हैं।इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने हाई हील्स, ओपन हेयर और लाइट मेकअप कर के अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। अनन्या पांडे सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा एक्टिव रहती हैं। एक्ट्रेस का फैशन सेंस भी काफी कमाल का है। फैंस भी उनके हर एक स्टाइल को काफी ज्यादा फॉलो करते हैं।

## अक्षय कुमार की फिल्म खेल खेल में की नई रिलीज तारीख से उठा पर्दा

अक्षय कुमार आने वाले दिनों में कई बड़ी फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। खेल खेल में उनकी आने वाली चर्चित फिल्मों में शुमार है।यह फिल्म 6 सितंबर, 2024 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब निर्माताओं ने इस फिल्म की नई रिलीज तारीख का ऐलान कर दिया है।इस फिल्म को सिनेमाघरों में देखने के लिए आपको ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। खेल खेल में



अब 15 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों का रुख करने वाली है।

बॉक्स ऑफिस पर खेल खेल में का सामना जॉन अब्राहम की फिल्म वेदा से होगी।खेल खेल में भूषण कुमार के प्रोडक्शन हाउस टी–सीरीज के बैनर तले बन रही है, जो कॉमेडी, ड्रामा और इमोशंस से भरपूर होगी।मुदस्सर अजीज ने इस फिल्म का निर्देशन किया है।तापसी पन्नू, वाणी कपूर और फरदीन खान भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं।इस साल स्वतंत्रता दिवस पर कॉमेडी से लेकर एक्शन और रोमांस का तड़का लगने वाला है। अब देखना दिलचस्प होगा कि किसकी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने में कामयाब होती है। अक्षय कुमार से लेकर जॉन अब्राहम अपनी बेहतरीन फिल्मों के साथ दर्शकों के सामने आने वाले हैं।

# आडियो सीरीज एंटरटेनमेंट का एक बेहतरीन जरिया है– नायरा बनर्जी

सोशल मीडिया पर मशहूर एक्ट्रेस नायरा एम. बनर्जी अपने रिलेशनशिप स्टेटस को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। इस बीच वह एक्टर निशांत मलकानी के साथ ऑडियो सीरीज इंस्टा एम्पायर को लेकर चर्चाओं में है। एक्ट्रेस ने ऑडियो सीरीज में काम करने का अपना एक्सपीरियंस शेयर किया।

नायरा का मानना है कि ऑडियो सीरीज में काम करने से एक्टर के विजुअलाइजेशन स्किल्स में सुधार होता है। उन्होंने ऑडियो स्टोरीटेलिंग को थेरेप्यूटिक एंटरटेनमेंट बताया।

ऑडियो सीरीज इंस्टा एम्पायर को लेकर उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विजुअल के बिना, एक्टर्स को ऑडियो फॉर्मेट में कहानी सुनाते समय इमोशन्स को जाहिर करने के लिए अपनी इमेजिनेशन को बढ़ाना चाहिए।

एक्ट्रेस ने कहा, इमेजिनेशन को बढ़ाने से मन में इमेज बनाने की क्षमता मजबूत होती है। एक्टर का काम किसी किरदार को जीवंत करना होता है। ऑडियो सीरीज के फॉर्मेट से किरदार को बखूबी और बारीकी से पेश करने के लिए ज्यादा स्पेस मिलता है। लिस्नर्स के लिए, ऑडियो सीरीज एंटरटेनमेंट का एक बेहतरीन जरिया है जो थेरेप्यूटिक है, क्योंकि वे आपको अपने दिमाग में कहानी की पिक्चर बनाने देते हैं।

ऑडियो स्टोरीटेलिंग भारतीय संस्कृति का हिस्सा है, कई घरों में आज भी माता–पिता या दादा–दादी बच्चों को सोते समय कहानी सुनाते हैं, यह एक परंपरा है। इस परंपरा ने हमारे मन में ऑडियो स्टोरीटेलिंग के प्रति प्यार



को बनाए रखा है।

उन्होंने आगे बताया कि जहां विजुअल एंटरटेनमेंट की अपनी जगह है, वहीं ऑडियो एंटरटेनमेंट ज्यादा दिलचस्प है, जो टाइम, लोकेशन, एक्सेस या एक्टिविटी की परवाह किए बिना हमारी लाइफ में फिट हो जाता है।

उन्होंने कहा, फिल्मों या टीवी शो से अलग, ऑडियो सीरीज का आनंद कभी भी और कहीं भी लिया जा सकता है।

अपने नए ऑडियो शो के बारे में नायरा ने कहा, इंस्टा एम्पायर एक यूनीक प्रोजेक्ट है जो मेरे द्वारा पहले किए गए किसी भी काम से अलग है। इसकी स्क्रिप्ट में भरपूर ड्रामा, रोमांस और ट्विस्ट है। मैंने इस ऑडियो सीरीज में लीड रोल अनिका का किरदार निभाया है। वहीं, निशांत मलकानी नक्श की भूमिका में हैं।

# देवरिया के विकास के लिए जन जन का सहयोग जरूरी – शशांक मणि

ब्यूरो अंकित वर्मा

देवरिया। किसी भी क्षेत्र के विकास में नागरिकों और जनप्रतिनिधियों का समन्वय और संवाद बहुत ही महत्वपूर्ण होता है, जनता की समस्याओं का निराकरण करना एक जनप्रतिनिधि का कर्तव्य होता है परंतु इसमें दिनो का सहयोग और प्रयास होना चाहिए तभी जाकर अपेक्षित परिणाम प्राप्त होते हैं । उक्त बातें सदर सांसद शशांक मणि ने शुक्रवार को शहर के स्टेशन रोड स्थित होटल गोल्डन ट्यूलिप में पत्रकार वार्ता के दौरान कहीं । उन्होंने उपस्थित सभी पत्रकार बंधुओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में पत्रकार जनता और सरकार के बीच की एक कड़ी होता है जो निष्पक्षता पूर्वक समाज की समस्याओं को सरकार के बीच ले जाने का



कार्य करता है । जनपद की विभिन्न समस्याओं पर श्री मणि ने विस्तृत रूप से अपने विचार रखे और सभी से अपील करते हुए कहा कि हमारे बीच जो भी समस्याएं हैं चाहे वो शहर में जाम की समस्या हो, रेलवे ढाले पर जाम की समस्या हो, बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और आम नागरिक की छोटी छोटी समस्याएं हों इन सबके समाधान के लिए सबके प्रयास और सबके साथ की आवश्यकता है । उन्होंने कहा कि जो भी योजनाएं लंबित हैं उनको शासन से बात करके हल करने का प्रयास किया जाएगा । एक सुंदर और स्वच्छ देवरिया के निर्माण के लिए व्यापक रूप से कार्य किए जायेंगे जिसमे सबका प्रयास अपेक्षित है । उन्होंने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित और संरक्षित रखने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ की सरकार व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम चला रही है लेकिन इसमें जनता को भी आगे आना होगा और सभी को पर्यावरण के लिए जागरूक करना पड़ेगा । इस दौरान भाजपा नेता निशिरंज तिवारी, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन मिश्रा, मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी भी उपस्थित रहे ।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जनपद स्तर पर हुआ सामूहिक योगाभ्यास

ब्यूरो अंकित वर्मा

देवरिया। दसवें अंतराष्ट्रीय योग दिवस पूरे जनपद में भव्य रूप से संपन्न हुआ । इस दिवस पर जनपद के समस्त तहसीलों, विकास खंडों सहित जगह–जगह सामूहिक योगभ्यास कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में जनमानस द्वारा प्रतिभाग किया गया। जनपद स्तर पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम स्व0 रविन्द्र किशोर शाही स्पोर्ट स्टेडियम में मुख्य अतिथि सदर सांसद शशांक मणि एवं शासन द्वारा इस कार्यक्रम के नामित नोडल अधकारी अजय कुमार शुक्ला व जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह की मौजूदगी में आयोजित हुआ। योगाभ्यास कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनमानस उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को योग के कई आसनों का अभ्यास कराया गया।इस अवसर पर सदर सांसद ने कहा कि योगाभ्यास को हम सभी ऋषि, मुनियों से सीखा है। हमारी संस्कृति में योग की महत्वपूर्ण भूमिका है। योग जितना पौराणिक है, उतना ही आधुनिक है। नियमित



योग शरीर को निरोग रखने के साथ ही साथ मस्तिष्क एवं इंद्रियों पर नियंत्रण रखने का भी साधन एवं माध्यम है। नोडल अधिकारी श्री शुक्ला ने कहा कि योग स्वस्थ जीवन के लिए एक अनिवार्य पहलू है। इसे हम अपनाकर जहां स्वस्थ रह सकतें हैं। वहीं अपनी सांस्कृतिक पौराणिक एवं अध्यात्मिक विरासतों को आगे बढा सकतें हैं तथा योग को अपने दैनिकचर्या में शामिल करना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि योग दिवस एक महत्वपूर्ण दिवस है। आज दशम योग दिवस के अवसर पर जनपद के स्टेडियम के प्रांगण में योगाभ्यास कार्य में बढ़–चढ़ कर भाग लिया गया है। मा0 प्रधानमंत्री जी की दस वर्ष पूर्ण विश्व को एक अनुपम देन है कि एक स्वस्थ्य जीवन के लिए योग एक अभिन्न अंग है। योग को जीवन में आत्मसाध्य करने पर शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य दोनो ही उत्तम होगा। योग का मतलब जुड़ना होता है। यह सबको जोडने का ताकत रखता है। समस्त जनमानस यदि जुड़ जायेगा तो समाज तथा देश की प्रगति होगी। मा0 प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री जी का स्वप्न है कि उत्तर प्रदेश एक विकसित अर्थव्यवस्था बने। इसमें योग एक माध्यम बन सकता है। प्रार्थना से प्रारंभ होकर ग्रीवा चालन, स्कन्ध चालन, कटि चालन, घुटना चालन, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्द्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, दण्डासन, भद्रासन, वज्रासन, अर्द्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन, शशांक आसन, उत्तानमण्डूकासन, वक्रासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, उत्तानपाद आसन, अर्द्ध हलासन, पवन मुक्तासन, सेतुबंधासन, शवासन, कपालभाति, नाड़ी सोधन, शीतली, भ्रामरी, ध्यान आदि क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। इसके साथ ही योग सत्र का समापन संकल्प एवं शान्ति पाठ के साथ हुआ। यत्येन्द्र विश्वकर्मा, पिन्टू लाल यादव, प्रीती सिंह, कंचन तिवारी, पूजा मद्देशिया आदि द्वारा योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा, सीडीओ प्रत्यूष पाण्डेय, सीआरओ जल राजन चौधरी, एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, सीएमओ डा राजेश झा, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह डीपीओ कृष्णकान्त राय, बीएसए शालिनी श्रीवास्तव, डीडीओ रविशंकर राय, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा विशाल चौधरी, व्यायाम शिक्षक संजय सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण, प्रबुद्ध जन आदि इस योगाभ्यास कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

# निराश्रित महिला पेंशन हेतु बैंक खाता आधार कार्ड से लिंक होने अनिवार्य

ब्यूरो अंकित वर्मा

देवरिया। जिला परिवीक्षा अधिकारी अनिल कुमार सोनकर ने बताया है कि जनपद में संचालित पति की मृत्यु उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन (विधवा पेंशन) योजना में वित्तीय वर्ष 2024–25 में आधार से लिंक बैंक खातों में पेंशन की धनराशि का भुगतान किया जायेगा। जिन लाभार्थियों के बैंक खाते आधार कार्ड से लिंक नहीं है, वह सभी लाभार्थी यथाशीघ्र अपने संबंधित बैंक शाखा में जाकर आधार कार्ड लिंक कराते हुये एन.पी.सी.आई. तथा डी.बी.टी. अपडेट करा लें। चालू वित्तीय वर्ष में आधार से लिक बैंक खाते में ही पेंशन की धनराशि का भुगतान पी.एफ.एम.एस. के द्वारा उनके बैंकर्स खाते में भेजी जायेगी।

# नि:शुल्क विद्युत चालित चाक मशीन हेतु 30 जून तक करें आवेदन

ब्यूरो अंकित वर्मा

देवरिया। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी वीरेन्द्र प्रसाद ने बताया है कि उ०प्र० माटीकला बोर्ड के समन्वित विकास कार्यक्रम योजनान्तर्गत उ० प्र० सरकार द्वारा मिट्टी के बर्तनों, खिलौने तथा मूर्तियों आदि को बनाकर जिविकोपार्जन करने वाले ऐसे कुम्हारों एवं परम्परागत कारीगरों को नि:शुल्क विद्युत चालित चाक मशीनध्पगमिल उपलब्ध कराया जाना है। वित्तीय वर्ष 2024–25 में मात्र 45 विद्युत चालित चाक तथा समूह बनाकर कार्य करने वालों को 03 पगमिल (मिट्टी गुथने वाली मशीन) दिये जाने हेतु जनपद को लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इस माटीकला टूलकिट्स हेतु लाभार्थी की पात्रता उम्र 18 वर्ष से 55 वर्ष के बीच हो प्रत्येक परिवार से एक ही व्यक्ति को आवेदन जमा करना होगा। पूर्व में किसी भी सरकारी संस्थान के माध्यम से जिस परिवार में कुम्हारी चाक का लाभ मिल चुका है उस परिवार का कोई भी अभ्यर्थी लाभ नही उठा सकता है। इस योजना मे आवेदन की प्रक्रिया आनलाईन है जिसका वेबसाइड नचउंजपांसंइवंतक.पद है। विस्तृत जानकारी हेतु उ०प्र० खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल देवरिया, से सम्पर्क कर आवेदन पत्र 30 जून 2024 तक जमा कर सकते है। फार्म के साथ फोटो, आधार कार्ड, राशनकार्ड, शैक्षिक योग्यता, ग्राम प्रधान द्वारा निवास प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण–पत्र की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

# दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए प्रस्ताव प्राप्त कराने की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित

ब्यूरो अंकित वर्मा

देवरिया। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रियंका चौधरी ने बताया है कि वर्ष 2024 में विश्व दिव्यांग दिवस 03 दिसम्बर के अवसर पर दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया जाता है। 12 श्रेणीयों की पात्रता रखने वाले, पुरस्कार हेतु अपना प्रस्ताव 30 जून 2024 तक कार्यालय, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विकास भवन देवरिया, में प्राप्त करा सकतें हैं।राज्य स्तरीय पुरस्कार नियमावली–2017 के अनुसार श्रेणियां निर्धारित की गई है। दक्ष दिव्यांग कर्मचारी ध् स्वनियोजित दिव्यांगजनो के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन हेतु सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता तथा सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेन्ट अधिकारी या एजेन्सी के राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांग व्यक्तियों के निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति तथा सर्वश्रेष्ठ संस्था के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार, असाधासरण सृजनात्मक कार्य करने वाले दिव्यांगजन को राज्य स्तरीय सम्मान, दिव्यांग व्यक्तियों के जीवन सुधारने के निम्मित सर्वश्रेष्ठ नवीन अनुसंधान या उत्पाद विकास के राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांग व्यक्तियों के लिए बाधामुक्त वातावरण के सृजन में सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए, पुनर्वास सेवायें प्रदान करने में सर्वश्रेष्ठ जिले के लिए, सर्वश्रेष्ठ सृजनशील दिव्यांग वयस्क व्यक्तियों एवं सर्वश्रेष्ठ बालकध्बालिका हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांग के सशक्तीकरण हेतु कार्यरत अधिकारी ध् कर्मचारी के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ वेल प्रेस के राज्य स्तरीय पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ सुगम्य वेबसाइट, सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाड़ी पुरस्कार हेतु शामिल किया गया है।

# माफिया अशरफ की फरार पत्नी और साले की अवैध इमारत पर चला बुल्डोजर

प्रयागराज(आरएनएस)। लोक सभा चुनाव के बाद यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बुल्डोजर माफियाओं के खिलाफ फिर गरजना शुरू हो गया है। प्रयागराज में माफिया अतीक के भाई अशरफ की फरार पत्नी जैनब फातिमा और साले जैद का वक्फ बोर्ड की संपत्ति पर अवैध कब्जा कर बनाया गया आलिशान मकान जमीदोंज कर दिया गया। प्रयागराज विकास प्राधिकरण और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने इस ध्वस्तीकरण को अंजाम दिया।देश भर में अपराधियों और माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्यवाही का ब्रांड बन चुका योगी सरकार का बुलडोजर लोक सभा चुनाव के बाद प्रयागराज में फिर से एक्शन में आ गया है। प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने गुरुवार को प्रयागराज के पुरामुफ्ती थाना क्षेत्र के अकबरपुर सल्लाहपुर इलाके में सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की जमीन पर अवैध ढंग से कब्जा कर बनाई गई दो दोमंजिला इमारतों को जमीदोज कर दिया। प्रयागराज विकास प्राधिकरण के अवर अभियंता आई ए हाशमी बताते हैं कि ये दोनो इमारतें वक्फ बोर्ड की संपत्ति पर अवैध कब्जा कर बनाई गई गई थी। जिन अवैध इमारतों का ध्वस्तीकरण किया उसकी कीमत करीब 5 करोड़ रुपए बताई जा रही है। पीडीए के मुताबिक वक्फ बोर्ड की जमीन पर बने इस अवैध मकान के ध्वस्तीकरण को लेकर पहले ही जांच पड़ताल और विधिक कार्रवाई पूरी कर ली थी। ध्वस्तीकरण का नोटिस भी जारी कर दिया था। लगभग 7 बीघा जमीन अशरफ की फरार पत्नी जैनब फातिमा और उसके भाई जैद मास्टर और सद्दाम ने कब्जा किया था जिसकी कीमत 50 करोड़ से अधिक आंकी गई है। नवंबर 23 में इसे लेकर एफआईआर दर्ज कराई गई थी और धूमनगंज थाने की पुलिस ने 3 दिसंबर 23 को गैंगस्टर एक्ट में मुनादी कराकर कुर्क कर लिया था। पुलिस और प्रशासन की टीम सुबह 11.30 बजे सल्लाहपुर इलाके में जैनब के घर पहुंची। 3 बुलडोजर इमारत को गिराने में लगे थे। पुलिस ने आसपास बैरिकेडिंग कर दी। भीड़ को वहां से हटा दिया गया था।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जैनब के घर के सटा हुआ उसके भाई जैद मास्टर का घर बना हुआ है। दोनों ने वक्फ बोर्ड की संपति पर कब्जा करके आलीशान घर बनाया था। यह जमीन करीब 50 करोड़ रुपए की है। यह अतीक के घर से करीब 3 किमी की दूरी पर बना हुआ है।26 फरवरी 2023 को प्रयागराज में वकील उमेश पाल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। तब से अशरफ की पत्नी जैनब फरार है। 15 अप्रैल को 2023 को प्रयागराज में अशरफ और अतीक की हत्या कर दी गई थी, तब से जैद मास्टर भी फरार था।

# यूपी को हरित प्रदेश बनाने के लिए आगे बढ़ रही है सरकार

प्रयागराज(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश को हरित प्रदेश के रूप में विकसित करने का निरंतर प्रयास कर रही है। शहर में हरित पट्टियों का विकास और सघन वृक्षारोपण इसी का हिस्सा है जिसे लेकर सरकारी मशीनरी भी अभी से सक्रिय हो चुकी हैं। प्रयागराज में भी अगले महीने होने वाले वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के लिए सभी सरकारी विभागों की तरफ से तैयारियां शुरू हो गई हैं।मानसून के आगमन के पहले ही कुंभ नगरी प्रयागराज को हरित प्रयागराज के रूप में विकसित करने की प्रशासनिक तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। अभियान के नोडल अधिकारी प्रयागराज के जिला वन अधिकारी अरविंद कुमार का कहना है कि प्रयागराज में इस अभियान के अंतर्गत इस साल 73 लाख, 15 हजार 160 पौधे रोपित करने का लक्ष्य तय किया गया है। जिले के सभी 24 से अधिक सरकारी विभागों का भी लक्ष्य तय किया जा चुका है। जिले में वन विभाग की तरफ से इस अभियान में इस साल 22 लाख 45 हजार 300 पौधे रोपित किए जाएंगे। वन विभाग के अलावा जिले में ग्राम्य विकास विभाग 29 लाख 87 हजार, कृषि विभाग 5 लाख 9 हजार, उद्यान विभाग 3 लाख 69 हजार और पर्यावरण विभाग की तरफ से 2 लाख 27 हजार का लक्ष्य तय किया गया है। सभी विभागों को उनके लक्ष्य की जानकारी देते आगे की तैयारी करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

सरकार के इन प्रयासों के सकारात्मक नतीजे भी सामने आ रहे हैं। डीएफओ प्रयागराज के मुताबिक प्रयागराज के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले कुछ बरसो में हरियाली का दायरा तेजी से बढ़ा है। पिछले वर्षों के सापेक्ष हरियाली में 27.06 वर्ग किलोमीटर की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। सरकार द्वारा पौधारोपण पर विशेष जोर दिए जाने से इसके अच्छे परिणाम सामने आए हैं। फारेस्ट सर्वे आफ इंडिया देहरादून की रिपोर्ट भी बताती है कि शहर और जिले में हरियाली में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। रिपोर्ट के अनुसार जिले में साल 2017 में 2.32 प्रतिशत, 2019 में 2.36 प्रतिशत और 2021 में 2.85 प्रतिशत हरियाली बढ़ी है।

# नेताजी, भवम और रेलगांव क्लब को मिली जीत

प्रयागराज(आरएनएस)। नेताजी सुभाषचंद्र बोस क्लब, भवम क्लब और रेलगांव क्लब ने अपने–अपने मुकाबले जीतकर रविकांत अंडर–16 समर क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये।फाफामऊ मैदान पर गुरुवार को नेताजी सुभाषचंद्र बोस क्लब ने 34.5 ओवर में 221 रन (वीर प्रताप 88, शाहजान अहमद 60, अनीश पटेल 4ध्39, शौर्य प्रताप सिंह 2ध्18) बनाकर फाफामऊ क्लब को 23 ओवर में 87 रन (शौर्य प्रताप सिंह व सुमित यादव 22–22, मोहम्मद अंसी 5ध्18, विनीत राठौर 3ध्04) पर समेट दिया। मैच में राहुल सिंह व अजय कुमार अंपायर और आशीष भारतीय स्कोरर रहे।सीएवी मैदान पर भवम क्लब ने 25 ओवर में 6 विकेट पर 269 रन (शिवांश पाण्डेय 89 नाबाद, सर्वेश शर्मा 39 नाबाद, अश्मित सरोज 36, संचित पटेल 33, अनिक सिंह 3ध्53, अंतिम राजपूत 2ध्30) बनाकर दि फिफ्त पिलर क्लब को 14.3 ओवर में 87 रन (अंश यादव 23, ईशान सिंह 4ध्13, सानिध्य श्रीवास्तव 2ध्13) पर समेट दिया। मैच में तौसीफ शेख व धीरज सिंह अंपायर और अंकित पाण्डेय स्कोरर रहे।

# दिनेश सिंह बने जनपद अध्यक्ष एवं योगेश शुक्ला दूसरी बार जनपद मंत्री

प्रयागराज(आरएनएस)। यूपी पीडब्ल्यूडी सर्कल ऑफिसेज मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की एक बैठक प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार यादव की अध्यक्षता मे एकता सदन लखनऊ में आहूत की गई, जिसमें लंबित पड़े प्रस्ताव को सदन में पारित कराया गया था। तत्पश्चात प्रदेश महामंत्री जयप्रकाश तिवारी ने कुछ क्षेत्रीय एवं जनपद शाखों का भी मनोनयन करने का प्रस्ताव रखा।

# पिछले वर्ष के 95 फीसदी पौधे संरक्षित

प्रयागराज(आरएनएस)। जनपद में पिछले वर्ष योगी सरकार द्वारा कराये गए वृक्षारोपण में रोपित पौधों का संरक्षण का रिकॉर्ड भी बेहतर रहा है। पिछले साल जनपद में कराये गए वृक्षारोपण में 95 फीसदी पौधे अभी भी हरे–भरे हैं । पौधों की टैगिंग करने के बाद निरंतर उनकी सिंचाई और उनके रखरखाव पर ध्यान दिया गया है । पिछले वर्ष जनपद में 71 लाख 92 हजार 852 पौधे इस अभियान के अंतर्गत रोपित किये गए थे जिसमे 68 लाख 33 हजार पौधे अभी भी हरित अवस्था में हैं । इसके अलावा शहरी क्षेत्र में शमियावाकीश पद्यति को प्राथमिकता देते हुए सघन वृक्षारोपण किया जाएगा।

# संरक्षा मानकों का पालन करते हुए शीघ्रता से कार्य करें पूर्ण- जीएम एनसीआर

प्रयागराज (आरएनएस)। गुरुवार को महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे रविन्द्र गोयल द्वारा मंडल रेल प्रबंधक झांसी दीपक कुमार सिन्हा के साथ मानिकपुर– खैरार– भीमसेन रेल खंड का निरीक्षण किया गया। महाप्रबंधक द्वारा अपने निरीक्षण की शुरुआत मानिकपुर से बांदा के मध्य विंडो ट्रेलिंग माध्यम से की गयी। इस दौरान उन्होंने मार्ग में आने वाले रेल पथ एवं उसके पास के सभी इंस्ट्ालेशनो जैसे सिगनल, ओएचई, प्लेटफॉर्म पर सफाई इत्यादि का चलती हुई गाड़ी में लगे निरीक्षण यान की पिछली खिड़की से निरीक्षण किया। उन्होंने अन्य संरक्षा सम्बंधित कार्यों के साथ–साथ, राइडिंग गुणवत्ता विशेष तौर से प्वॉइंट एवं क्रॉसिंग पर ट्रैकज्योमेट्री इंडेक्स मे सुधार, ओएमएस (औसिलेशन मोनिटरिंग सिस्टम) विवरण, ओएचई की स्थिधति, मार्ग के लेवल क्रॉसिंग गेटों की स्थिती, पटरी के आसपास स्क्रैप की स्थिति, साफ–सफाई, वायरिंग या लूज इंस्टालेशन, मार्ग में आने वाले माइनर व मेजर ब्रिज के साथ–साथ उक्त खंड में चल रहे दोहरीकरण कार्य का पिछली खिड़की से जायजा लिया तथा सम्बंधित अधिकारियों को पूर्ण दक्षता एवं संरक्षा मानकों का पालन करते हुए शीघ्रता से कार्य पूर्ण करने हेतू निर्देशित किया। रविन्द्र गोयल द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकास हेतु चयनित बांदा स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की तथा बेहतरी हेतु निदेशित किया। उपरोक्त निरीक्षण उपरान्त महाप्रबंधक द्वारा हमीरपुर रोड का निरीक्षण किया तथा यात्री सुविधाओं का अवलोकन किया और आवश्यकतानुसार सुधार, बेहतरी हेतु निर्देशित किया। स्टेशन निरीक्षण उपरान्त गोयल द्वारा मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीयों सहित घाटमपुर थर्मल पॉवर लिमिटेड पावर प्लांट साइडिंग का निरीक्षण किया गया, जिसमें मुख्यालय से मुख्य यातायात योजना प्रबंधक राजेश कुमार, मुख्य परियोजना प्रबंधक हाश्मी, वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) आशुतोष चौरसिया, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा आदि शामिल रहे।

# मुक्त विश्वविद्यालय में आज होगा योग का विहंगम आयोजन

प्रयागराज(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 के अवसर पर यमुना परिसर स्थित त्रिवेणी सामुदायिक केंद्र में योग का विहंगम कार्यक्रम प्रातः 8रू00 बजे आयोजित किया गया है। जिसके मुख्य अतिथि उमेश चंद्र गणेश केसरवानी, महापौर प्रयागराज होंगे तथा अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम करेंगे। इससे पूर्व आज मानसिक विकारों के प्रबंधन में योग की भूमिका एवं आधुनिक जीवन शैली जनित रोगों के लक्षण एवं इसके बचाव में योग संसाधनों की भूमिका विषय पर योग प्रशिक्षक अमित कुमार सिंह ने व्याख्यान दिया। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर विश्वविद्यालय में मानव जीवन में योग की उपादेयता विषय पर निबंध प्रतियोगिता तथा वर्तमान संदर्भ में योग की प्राथमिकता विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन मानविकी विद्या शाखा के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें शोध छात्रों एवं छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़कर भागीदारी की। दोनों प्रतियोगिताओं के सफल प्रतिभागियों को शुक्रवार को विश्व योग दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि महापौर तथा कुलपति सम्मानित करेंगे।

# प्रयागराज में फुल फ्लेज्ड मेट्रो का संचालन हो- रेवती रमण

जाम के झाम से निजात के साथ आसपास की कनेक्टिविटी बढ़ेगी

प्रयागराज(आरएनएस)। पूर्व मंत्री पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह ने मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन को पत्र लिखकर मांग किया कि प्रदेश में सर्वाधिक आबादी वाला जिला प्रयागराज मे आये दिन भीषण जाम लगा रहता है इसके लिए फुल फ्लेज्ड मेट्रो का संचालन होना चाहिए। यह जानकारी देते हुए सपा प्रदेश सचिव विनय कुशवाहा ने बताया कि अखिलेश सरकार में इलाहाबाद के लिए मेट्रो संचालन का डीपीआर बनाने का कार्य राइट्स को दिया गया था लेकिन इलाहाबाद से प्रयागराज बने सात साल हो गए पर मेट्रो परियोजना पर कोई कार्य नहीं हुआ।पूर्व सांसद ने कहा कि प्रयागराज से कम आबादी वाले शहरों में मेट्रो का काम चल रहा है जबकि लखनऊ के बाद प्रयागराज प्रशासनिक और धार्मिक दृष्टि से अतिमहत्वपूर्ण शहर हैं उसपर हर साल माघ मेला छः वर्ष में अर्ध कुम्भ तथा बारह वर्ष में महाकुंभ लगता हैं जिसमें देश विदेश से करोड़ों लोग संगम पर स्नान करने आते हैं जिसकी वजह से जाम और रूट डाईवर्जन से शहरवासियों को समस्या का सामना करना पड़ता हैं।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया

स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।

सम्पादक–शील कुमार शुक्ला

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।